उज्जैन
सोमवार
18
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-194
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



तिलक वर्मा और श्रीलीला के अफेयर की खबरें अफवाह दावा- दोनों कभी एक-दूसरे से मिले तक नहीं, सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहें



## पीएम मोदी बोले- भारत-स्वीडन जैसे लोकतंत्रों का साथ जरूरी



**गोथेनबर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वीडन दौरे पर हैं। उन्होंने गोथेनबर्ग में 'यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री' को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि मौजूदा तनावपूर्ण वैश्विक माहौल में भारत और स्वीडन जैसे लोकतांत्रिक देशों के बीच करीबी सहयोग बेहद जरूरी है। भारत और स्वीडन इस बात पर सहमत हैं कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत को मिले समर्थन के लिए हम स्वीडन के प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन के अभारी हैं। हम आतंकवाद और उसका समर्थन करने वालों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

## मेक्सिको में 10 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मैक्सिको।** मेक्सिको के प्यूब्ला राज्य के तेहुइत्जिंगो में रविवार को 10 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हत्या घर में घुसकर की गई। मरन वालों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, पड़ोसियों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कई लोग गोली लगने से घायल मिले। एक महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। तेहुइत्जिंगो करीब 11,300 आबादी वाला शहर है, जो मेक्सिको सिटी से लगभग 208' पर है। मेक्सिको 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप की सह-मेजबानी करने जा रहा है। मेक्सिको सिटी, मॉन्टेरी और ग्वाडलहारा में 13 मैच खेले जाएंगे।

## पीएम ने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने रविवार को नीट पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, नीट 2024 का भी पेपर लीक हुआ था, लेकिन परीक्षा रद्द नहीं की गई। सीबीआई ने जांच बिठाई। बार-बार फेल हो रहे शिक्षा मंत्री को पीएम मोदी बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं। राहुल ने आगे लिखा- नीट 2026 का पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने फिर इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई फिर जांच कर रही है। मोदी जी देश आपसे सवाल पूछ रहा है- जवाब दो, बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? बार-बार इस परीक्षा पे चर्चा पर आप चुप क्यों हैं?

## अमेरिका में एयर शो के दौरान ईए-18जी दो फाइटर जेट क्रैश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को दो ईए-18जी ग्रोलर फाइटर जेट क्रैश हो गए। हादसा इडाहो स्थित माउंटेन होम एयरफोर्स बेस पर एयर शो के दौरान हुआ। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दोनों विमानों में सवार सभी 4 क्रू मेंबर हादसे से कुछ सेकेंड पहले सुरक्षित बाहर निकल गए। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में भी चार पैराशूट दिखे हैं। माउंटेन होम एयरफोर्स बेस के प्रवक्ता ने कहा कि हादसे के तुरंत बाद एयरफोर्स बेस को लॉकडाउन कर दिया गया। दिन के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। इमरजेंसी रिस्पॉन्डर्स मौके पर हैं और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है। एविएशन सेफ्टी एक्सपर्ट जेफ गुजेट्टी के मुताबिक मिड-एयर टक्कर में आमतौर पर बाहर निकलने (इजेक्ट) होने का मौका नहीं मिलता।

# सासाराम में ट्रेन की जनरल बोगी में आग

## सभी यात्री सुरक्षित निकले, कल त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की 2 बोगियों में आग लगी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सासाराम



सासाराम में सासाराम-आरा-पटना पैसेंजर (ट्रेन नंबर 53212) में सोमवार को अचानक आग लग गई। आग ट्रेन की जनरल बोगी डी3 में लगी थी। इसके बाद बोगी से धुआं और लपटें उठने लगीं।

घटना के समय ट्रेन 6 नंबर प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। आग लगते ही यात्रियों के बीच भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए जल्दबाजी में ट्रेन से उतरने लगे। कई यात्री अपना सामान छोड़कर प्लेटफॉर्म की ओर भागे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले कोच के अंदर से तेज जलने की गंध महसूस हुई। इसके बाद बोगी के भीतर धुआं भरने लगा और आग की लपटें दिखाई दीं।

कल यानी रविवार को त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12431) में आग लगी थी। आग ट्रेनएसी कोच बी-1 में आलोट के पास लूणी रीछा-विक्रमगढ़ स्टेशन के बीच सुबह करीब 5:15 बजे लगी थी।

### यात्री बैठे थे, ट्रेन खुलने वाली थी और आग लगी

- ट्रेन सुबह 6.45 से सासाराम से खुलने वाली थी। बोगी में आग ट्रेन खुलने से पहले लग गई थी। इस दौरान यात्री ट्रेन में बैठे हुए थे।
- घटना की जानकारी तुरंत रेलवे कर्मियों की दो गई। फौरन मौके पर आरपीएफ और दमकल विभाग की टीम पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया।
- सभी यात्रियों को बोगी से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जिस बोगी में आग लगी थी, उसे ट्रेन से अलग कर दिया गया है।
- इसके बाद ट्रेन ऑपरेशन को सामान्य करने की प्रक्रिया शुरू की गई। शुरूआती जांच में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है।
- आग लगने के बाद ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। सासाराम स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर किसी भी यात्री को जाने नहीं दिया जा रहा है। प्लेटफॉर्म अभी खाली करवा दिया गया है।

# एसआईआर में नाम कटा फिर भी डाल सकेंगे वोट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन में जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटे हैं, वे अगले साल के नगर निगम और पंचायत चुनावों में फिर भी वोट डाल सकते हैं। इसकी वजह भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग के बीच मतदाता सूची को लेकर विवाद है। इससे एक आयोग की तरफ से हटाया गया मतदाता दूसरे आयोग की सूची में शामिल हो सकता है। विवाद मतदाता सूची साझा करने को लेकर है। राज्य निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के बाद तैयार नई वोटर लिस्ट मांगी थी, ताकि 15 जिलों के निकाय उपचुनाव और अगले साल के पंचायत व नगरीय चुनाव उसी आधार पर कराए जा सकें।

राज्य आयोग ने पांच बार पत्र भेजे, लेकिन केंद्रीय आयोग ने सूची उपलब्ध नहीं कराई। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने अलग वोटर लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की। केंद्रीय चुनाव आयोग ने 21 फरवरी 2026 को अंतिम वोटर लिस्ट जारी की थी। 1 जनवरी 2026 की स्थिति के अनुसार 34 लाख से अधिक नाम हटाए गए। इसके बाद प्रदेश में कुल मतदाता 5.39 करोड़ रह गए। यह प्रक्रिया दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद पूरी हुई। नियमों के अनुसार केंद्रीय आयोग को 60 दिनों के भीतर विधानसभावार मतदाता सूची उपलब्ध करानी होती है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 28 जनवरी से 22 अप्रैल तक पांच बार पत्र और रिमाइंडर भेजे। सूची नहीं मिलने पर 23 अप्रैल को राज्य आयोग ने जिला स्तर पर अलग वोटर लिस्ट तैयार करने के निर्देश जारी किए।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मैजिक को टक्कर मारी

# लखीमपुर में सड़क हादसे में 9 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखीमपुर-खीरी



लखीमपुर खीरी में सोमवार सुबह 7.30 बजे भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे मैजिक वाहन को टक्कर मार दी। मैजिक में दो महिलाओं समेत 10 लोग सवार थे।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक घिसटते हुए 10 फीट दूर जाकर रुकी। आगे और पीछे की सीटों पर बैठे लोगों के सिर फट गए। एक शख्स का पूरा चेहरा फट गया। लोग सीट के बीच में ही फंस गए। दो लोग उछलकर बाहर रोड पर गिरे। मैजिक और सड़क पर खून ही खून फैल गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई।

**कई लोग सीट के बीच में ही फंस गए**

आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- लखीमपुर से सिसैया की तरफ से जा रहे मैजिक वाहन को बहराइच से आ रहे ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। ट्रक तेज रफ्तार में था। अचानक बेकाबू हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर गांव अदलीसपुर के पास हुआ।

# सीबीएसई : कक्षा 9वी-10वीं में तीन भाषाएं अनिवार्य, जुलाई से देशभर के स्कूलों में लागू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सीबीएसई ने अपने सभी स्कूलों में कक्षा 9वीं और 10वीं में तीन भाषा नीति को अनिवार्य कर दिया है। मौजूदा सत्र से ही, 9वीं और 10वीं के बच्चों को तीन लैंग्वेज की पढ़ाई करनी होगी। नोटिफिकेशन के अनुसार, इन 3 में से 2 भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। पॉलिसी के तहत, एक भारतीय और एक विदेशी भाषा के साथ एक क्षेत्रीय भाषा पढ़ाई जानी है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि स्कूल, छात्रों की पसंद के अनुसार थर्ड लैंग्वेज चुन सकते हैं। सभी स्कूलों को अपनी चुनी हुई भाषा की जानकारी 30 जून तक बोर्ड को देनी होगी।

थ्री लैंग्वेज पॉलिसी के तहत, एक भारतीय और एक विदेशी भाषा के साथ एक क्षेत्रीय भाषा पढ़ाई जानी है। उइए ने स्पष्ट किया है कि स्कूल, छात्रों की पसंद के अनुसार थर्ड लैंग्वेज चुन सकते हैं। सभी स्कूलों को अपनी चुनी हुई लैंग्वेज की जानकारी 30 जून तक बोर्ड को देनी होगी। बोर्ड ने कहा कि लैंग्वेज को लेकर ये डिसीजन हाल ही में 2026-27 के लिए रिलीज किए गए सिलेबस को देखकर लिया गया है। इस सेशन की शुरूआत अप्रैल 2026 से हो चुकी है। लेकिन स्कूलों को 1 जुलाई से थर्ड लैंग्वेज की पढ़ाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है।



### 1 जुलाई से स्कूलों में किताब उपलब्ध कराने का निर्देश

सीबीएसई ने माना कि कुछ स्कूलों को भारतीय मूल की भाषाओं के लिए क्वालिफाइड टीचर्स अरेंज करने में मुश्किल हो सकती है। ऐसे में स्कूलों को इंटर स्कूल रिसोर्सेस के माध्यम से हाइब्रिड टीचिंग सपोर्ट, रिटायर लैंग्वेज टीचर की नियुक्ति और क्वालिफाइड पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स के हायरिंग की परमिशन भी दी गई है। सीबीएसई तीसरी भाषा के लिए 19 भाषाओं की किताबें तैयार कर रहा सीबीएसई और एनसीईआरटी कक्षा वी आर3 के लिए 19 भाषाओं में किताबें तैयार कर रहे हैं। इनमें असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाएं शामिल हैं।



## खबर एक नजर...

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर 5 लोगों ने बेची करोड़ों की जमीन

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम उमराझर में फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों की जमीन बेचने का मामला सामने आने पर पुलिस द्वारा 5 लोगों के खिलाफ धारा 318 (4), 338 , 336 (3), 61 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि इंदौर के रेडक्रॉस रोड पर रहने वाले अनुराग पिता सुरेन्द्र सोनी की ग्राम उमराझर माकडोन-शाजापुर मार्ग करीब 42 बीघा जमीन है। जिसकी वर्तमान कीमत 10 लाख बीघा से अधिक की है। अनुराग सोनी इंदौर में रहते है और कभी-कभी माकडोन आते है। कुछ समय पहले आने पर उन्हे पता चला कि उनकी जमीन पर दूसरे लोगों ने कब्जा जमा लिया है। जानकारी जुटाने पर सामने आया कि पिछले वर्ष 16 जून से 15 जुलाई 2025 के बीच उक्त जमीन को पांच लोगों ने धोखाधड़ी पूर्वक सौदा कर दिया है। पांचों ने उनके नाम के फर्जी दस्तावेज तैयार किये थे और खुद को जमीन का मालिक बताकर बेची है। अनुराग सोनी द्वारा आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी जिसकी जांच पूरी करने के बाद रविवार को पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। फिलहाल थाना प्रभारी ने आरोपितों के नाम का खुलासा नहीं कि और बताया कि करोड़ों की जमीन बेचने वालों की धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे है। उनके ठिकानों पर दबिश के एक टीम बनाई है। संभावना है कि जल्द सभी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली युवती की मौत

**उज्जैन।** चरक अस्पताल में रविवार दोपहर 18 साल की युवती को गंभीर हालत में परिजन लेकर पहुंचे थे। युवती ने जहरीला पदार्थ खाया था। जिसे आईसीयू में भर्ती किया गया। शाम को युवती की मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तुमडावदा में रहने वाली डिम्पल पिता ईश्वर को परिजन अस्पताल लेकर आये थे। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया। डिम्पल ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी हालत में सुधार नहीं आया और शाम 5.30 बजे के लगभग उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों के गमगीन होने पर जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आ पाया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू करेगी।

**गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत-** कमल कालोनी की रहने वाली पुष्पा पति योगेश 32 साल को परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुष्पा आठ माह से अधिक की गर्भवती थी, जिसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। गायनिक डॉक्टरों ने उसे भर्ती किया, जिसकी शाम को मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम की बात कही। लेकिन महिला परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार किया। काफी समझाईश के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### तिरुपति धाम मंदिर में सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान शुरू



**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित तिरुपति धाम मंदिर, हनुमान गढ़ी में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 15 दिवसीय सुदर्शन शतकम अनुष्ठान और महायज्ञ 17 मई से शुरू हुआ। यह आयोजन धमार्दाय ट्रस्ट के तत्वावधान में 31 मई तक चलेगा। कार्यक्रम रामानुजाचार्य स्वामी श्रीकांताचार्य की अध्यक्षता में और स्वामी राघवेंद्राचार्य के सान्निध्य में हो रहा है। अनुष्ठान के लिए अयोध्या से आचार्य पहुंचे हैं। समिति के अध्यक्ष प्रदीप गनेड़ीवाल ने बताया कि प्रतिदिन अभिषेक, पाठ और हवन के कार्यक्रम तय समय पर होंगे।

# बुजुर्ग महिला को एसआई ने थप्पड़ मारा

## बच्चों के बीच हुए विवाद के बाद थाने पहुंचा था मामला, कैंसर पीड़ित बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में एक पारिवारिक विवाद उस समय गंभीर हो गया, जब कोतवाली थाने में पहुंची एक बुजुर्ग महिला के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि थाने में मौजूद एक महिला पुलिसकर्मी ने कैंसर का ऑपरेशन करा चुकी बुजुर्ग महिला को थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद से परिवार पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठा रहा है।

जानकारी के अनुसार मामला रविवार रात 9 बजे शहर के क्षीरसागर क्षेत्र का है, जहां रहने वाले प्रकाश सूर्यवंशी के परिवार में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच पहले समझौता भी हो गया था, लेकिन कुछ समय बाद विवाद फिर से बढ़ गया।



इसके बाद कमलेश सूर्यवंशी नामक युवक शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंचा। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिकायत दर्ज करने के बजाय पुलिस ने कमलेश को थाने में ही बैठा लिया। जब कमलेश की मां सुशीला सूर्यवंशी अपने बेटे को लेने थाने पहुंचीं, तो उन्होंने पुलिसकर्मियों से पूछा कि उनके बेटे को क्यों रोका गया है। इसी बात को लेकर थाने में बहस शुरू हो गई।

परिवार का आरोप है कि बहस के दौरान वहां मौजूद एक महिला पुलिसकर्मी, जिन्हें परिवार सांवरिया मैडम के नाम से पहचान रहा है, ने सुशीला सूर्यवंशी को थप्पड़ मार दिया। आरोप है कि थप्पड़ लगते ही बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ गई और वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं।

### शिकायत दर्ज नहीं की गई

पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद जब वे दोबारा थाने पहुंचे तो उनकी शिकायत ठीक से दर्ज नहीं की गई। उनका कहना है कि थाने में मौजूद अन्य पुलिसकर्मी भी महिला पुलिसकर्मी का पक्ष लेते नजर आए और संबंधित कर्मचारी की पूरी जानकारी देने से बचते रहे।

परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि थाने में लगे उउळश कैमरों की फुटेज की जांच कराई जाए ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके।

साथ ही आरोपित महिला पुलिसकर्मी को तत्काल निलंबित करने, दोषियों पर कार्रवाई करने और इलाज का पूरा खर्च दिलाने की मांग भी की गई है।

मामले को लेकर अब पीड़ित परिवार उच्च अधिकारियों तक पहुंचने की तैयारी कर रहा है। वहीं पुलिस की ओर से अब तक इस पूरे घटनाक्रम पर कोई आधिकारिक विस्तृत बयान सामने नहीं आया है।

### दो साल पहले हुआ था कैंसर का ऑपरेशन

परिजनों के मुताबिक सुशीला सूर्यवंशी पहले से गंभीर बीमारी से गुजर चुकी हैं। करीब दो साल पहले उनका कैंसर का ऑपरेशन हुआ था और वह लगातार स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रही हैं। ऐसे में घटना के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई। घटना के बाद उन्हें तत्काल चरक भवन अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। परिवार का कहना है कि अस्पताल में भर्ती महिला की हालत को देखते हुए मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए था, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

### मामला सत्ता में नियुक्ति के बाद वाहन काफिलों एवं रैलियों का

# कुछ ने जवाब दिए, कुछ आज देंगे

## संगठन सख्त कुछ की छुट्टी कर अनुशासन का उदाहरण पेश करेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और वाहन काफिलों पर संयम की अपील को अनदेखी करने वाले भाजपा नेताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रदेश में बड़े वाहन काफिलों के साथ रैलियां निकालने वाले नेताओं को 17 व 18 मई को भोपाल तलब किया गया है। संगठन और सरकार दोनों स्तर पर उनसे जवाब मांगा जाएगा। दरअसल दिल्ली स्थित भाजपा हाईकमान ने भी पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री की 10 मई की अपील के बाद भी मध्य प्रदेश में 8-9 स्थानों पर बड़े वाहन काफिलों के साथ स्वागत रैलियां निकाली गई। इसे सीधे पीएम की अपील की अवहेलना के रूप में देखते हुए ऐसे सभी नेताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किए गए थे। प्रदेश भाजपा ने तत्काल कदम उठाते हुए संबंधित नेताओं को वरिष्ठ पदाधिकारी, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष पेशी 17 मई को निर्धारित की थी। नेताओं से पूछा जाएगा कि पीएम



की अपील के बावजूद रैलियां क्यों निकाली गई। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर आगे कार्रवाई भी हो सकती है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इन पर हुई कार्रवाई-

सज्जन सिंह यादव (भिंड जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष) सौ वाहनों के काफिले के साथ बग्घी पर सवार होकर रैली निकाली। नियुक्ति रद्द कर दी गई। सौभाग्य सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष 700 गाडियों का काफिला लेकर उज्जैन से भोपाल आए। कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकार छीन लिए गए।

### इनकी रैलियों पर उठे सवाल, तलब किया

भाजपा प्रदेश कार्यालय सुत्रों के अनुसार टिकेंद्र प्रताप सिंह (देवास जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष) 200 गाडियां (कुछ वापस लौटीं। के साथ जिला कार्यालय पहुंचे। पवन पाटीदार (ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष) 24 गाडियां लेकर चंबल दौरे पर गए। वीरेंद्र गोयल (सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष) 30 से ज्यादा गाडियों का काफिला, खुद ई-रिक्शा में बैठे। रेखा यादव (महिला आयोग की अध्यक्ष। छतरपुर में सैकड़ों लग्जरी गाड़ियों का काफिला निकाला, ट्रैफिक जाम हुआ। सत्येंद्र भूषण सिंह (लघु उद्योग निगम अध्यक्ष) खुद ई-रिक्शा से आए, पर समर्थकों का बड़ा कार-बाइक काफिला साथ चला। राकेश सिंह जादौन (खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उपाध्यक्ष। ई-रिक्शा से पहुंचे, लेकिन पीछे वाहनों का काफिला चलता रहा। इन सभी को 17 एवं 18 मई को बुलाया गया है। जवाब संतुष्टिकारक एवं अनुशासन की स्थिति में नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की स्थिति बन सकती है।

### विक्रम कीर्ति संग्रहालय

# 6 माह में हो जाएगा तैयार, देश -विदेश से लोग शोध करने आते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन अब सिर्फ धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगी। शहर में तीन संग्रहालय तेजी से विकसित हो रहे हैं, जो इसे पर्यटन, शिक्षा, शोध और पर्यावरण अध्ययन का नया केंद्र बनाएंगे। एक ओर वसंत विहार में आधुनिक स्नेक पार्क तैयार किया जा रहा है, तो दूसरी ओर ऐतिहासिक कोठी पैलेस में वीर भारत संग्रहालय का निर्माण जारी है। सबसे प्राचीन विक्रम कीर्ति संग्रहालय भी जल्द ही नए स्वरूप में नजर आएगा।

इन दोनों प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य शहर को एक ऐसे केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहां प्रकृति, विज्ञान, इतिहास और संस्कृति एक साथ देखने और समझने को मिले। स्नेक पार्क जहां सरिसृपों के अध्ययन और संरक्षण का आधुनिक केंद्र बनेगा, वहीं वीर भारत संग्रहालय भारत के गौरवशाली इतिहास और युगों की झलक एक ही जगह प्रस्तुत करेगा। वसंत विहार क्षेत्र में 10,102 वर्गमीटर में सर्प उद्यान 14.5 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट दो चरणों में पूरा होगा और 15 महीनों में तैयार होने की डेडलाइन है। फिलहाल करीब चार माह से निर्माण कार्य चल रहा है। पहले चरण में 22 प्रजातियों के सांप प्रदर्शित किए जाएंगे, जबकि दूसरे चरण में भारत और विदेश की लगभग 50 प्रजातियों को सुरक्षित एनक्लोजर में रखा जाएगा।

### वार्ड 34 में नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, सफाई व्यवस्था पर सवाल

# गंदगी से परेशान रहवासी, सड़कों पर उतरे लोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के वार्ड क्रमांक 34 की राज रतन कॉलोनी में रविवार को रहवासियों ने नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लंबे समय से सफाई न होने और बदहाल व्यवस्थाओं से परेशान होकर लोग सड़क पर उतर आए।

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतें करने के बावजूद कॉलोनी में नियमित सफाई नहीं हो रही है। मल्टी के पीछे नालियों और टैंकों में कचरा जमा होने से बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है,



जिससे बच्चे और बुजुर्ग लगातार बीमार पड़ रहे हैं।

महिला रहवासी किरण मोगरकर और शराफत खान ने बताया कि कॉलोनी में लगभग 400 मकान और 3 हजार से अधिक लोग रहते हैं। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। नगर निगम कर्मचारी कभी-कभार ही औपचारिकता पूरी करने के लिए सफाई करते हैं।

इसके अतिरिक्त, कॉलोनी में कई सीवर चेंबर खुले पड़े हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। रहवासियों के अनुसार, कई बार बच्चे इनमें गिरते-गिरते बचे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम कमिश्नर से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बारिश के मौसम में नालियां जाम होने से स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

उज्जैन
सोमवार
18
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सद्विद्या यदि का चिन्ता वराकोदर पूरणे।
शुकोऽप्यशनमाप्नोति रामरामेति च ब्रुवन्।।
अर्थः यदि आपके पास अच्छा ज्ञान है, तो पेट भरने के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। तोते को राम राम कहने से भी भोजन मिलता है।

## खबर एक नजर...

### कपड़ा व्यापारी से 1.67 लाख की ठगी, बाणगंगा पुलिस ने दर्ज किया केस

**इंदौर।** कपड़ा व्यापारी के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी कंपनी का कर्मचारी बताकर व्यापारी से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करा लिए। मामले में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, योगेंद्र तिवारी की शिकायत पर अंकित जैन नाम के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। योगेंद्र तिवारी कपड़ा व्यापारी हैं। मार्च 2025 में उनके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने अपना नाम अंकित जैन बताते हुए खुद को डीटीबीएक्स एक्सचेंज कंपनी का कर्मचारी बताया। अंकित ने योगेंद्र तिवारी को बताया कि उनकी कंपनी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कराती है और इसमें हाई रिटर्न मिलता है। उसकी बातों में आकर व्यापारी ने निवेश करना शुरू किया। सबसे पहले 24 मार्च 2025 को 5 हजार रुपए निवेश किए गए। इसके बाद करीब सात ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 1 लाख 67 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। आरोपियों ने एक फर्जी अकाउंट और वेबसाइट उपलब्ध कराई, जिसमें निवेश की गई राशि और बढ़ता हुआ मुनाफा दिखाया जाता था। इसी दौरान दो अन्य लोगों ने खुद को डीटीबीएक्स एक्सचेंज कंपनी का कर्मचारी बताते हुए अपना नाम राहुल और आर्यन बताया। दोनों ने भी व्यापारी से तीन से चार बार निवेश कराया। जब व्यापारी ने कंपनी की वेबसाइट और एप लिंक के जरिए रुपए निकालने की कोशिश की, तब उससे और रकम जमा करने की मांग की गई। अतिरिक्त राशि नहीं देने पर उसका अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद मामले की शिकायत साइबर सेल में की गई। जांच के बाद बाणगंगा पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बसों में आग, मनमाने इंटीरियर, मॉडिफिकेशन और ओवर हीटिंग

**इंदौर।** स्लीपर बसों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इंदौर से शिवपुरी जा रही बस में शुक्रवार को शाजापुर के पास आग लग गई थी। इसमें एक बच्चे की मौत हो गई थी। वहीं रविवार को इंदौर-सागर बस में आग लग गई। वाहनों में लगने वाली आग का कारण जानने के लिए एक्सपर्ट से चर्चा की गई। इसमें सामने आया कि बसों में मनमाने तरीके से इंटीरियर, मॉडिफिकेशन करने और ओवर हीटिंग व शॉर्ट सर्किट से बसों में हादसे हो रहे हैं। वहीं बसों के फिटनेस जांचने के लिए कोई शासकीय सिस्टम नहीं है। निजी कंपनियां ही बसों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर रही हैं। इसमें मनमानी के आरोप भी लग रहे हैं। जानकारी अनुसार शहर से रोजाना 600 से ज्यादा स्लीपर बसें दिल्ली, मुंबई (महाराष्ट्र), गुजरात, राजस्थान, पंजाब, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के लिए चलती हैं।

### पानी की समस्या लेकर लोगों का हंगामा, पानी की टंकी पर पहुंचे गुस्साए लोगों ने हाईड्रेंट तोड़ा

**इंदौर।** तपेश्वरी बाग में पानी की टंकी पर लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों का कहना था उन्हें पानी की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वह रहवासी शिकायत लेकर पहुंचे तब पानी की समस्या को लेकर एमआईसी मेंबर, पार्षद प्रतिनिधि सहित निगम के अधिकारी बैठक कर रहे थे। वे भी यहीं समाधान तलाशने की कोशिश कर रहे थे कि पानी की समस्या का कैसे निराकरण करें। बैठक के बीच लोग अपनी समस्या लेकर पहुंच गए। जिसके बाद वहां मौजूद एमआईसी मेंबर और अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया। आश्वासन देने के बाद एमआईसी मेंबर व अन्य लोग वहां से चले गए। मगर रहवासी वहीं डटे रहे। उन्होंने पानी की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान एक व्यक्ति ने पानी की टंकी में पानी है या नहीं वह चेक करने के लिए पानी की टंकी की सीढ़ियों से ऊपर जाने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे रोक दिया।

---

### देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर दारू बदनाम कर दी गाने पर किया डांस

# 25 हजार रुपए प्रति स्टूडेंट लगेगी पेनाल्टी, रिजल्ट रोकेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर दारू बदनाम कर दी गाने पर डांस करने और तोड़फोड़ करने के मामले में स्टूडेंट्स को कड़ी सजा मिलेगी। इसे लेकर अनुशासन समिति के सदस्यों की रविवार शाम को इमरजेंसी मीटिंग हो गई, जिसमें कमेटी ने अनुशंसा भी कर दी है। इस मामले में अब कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई से अनुमति लेना बाकी है। हालांकि उन्हें इसकी जानकारी दे दी है। बताया जा रहा है कि सोमवार को उनसे अनुमति भी ले ली जाएगी।

**अनुशासन समिति के 8 सदस्य हुए शामिल-** आईईटी निदेशक डॉ.प्रतोष बसंल ने बताया कि हॉस्टल के वीडियो वायरल होने के पहले हॉस्टल समिति की मीटिंग हो गई थी। रविवार शाम को अनुशासन समिति की इमरजेंसी मीटिंग कैंपस में ही बुलवाई गई। 8 सदस्यों ने इसमें अनुशंसा की है, जिसमें उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट्स को हॉस्टल से बाहर किया जाएगा।



वहीं कल स्टूडेंट्स का आखिरी एग्जाम है उसे देने से वंचित रखा जाएगा, जब तक जांच नहीं होती। इसके अलावा उनका परिणाम भी रोका जाएगा। साथ ही 25 हजार रुपए प्रति स्टूडेंट पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। ये मीटिंग सोमवार को होना थी, लेकिन एग्जाम को देखते हुए रविवार को ही ये इमरजेंसी मीटिंग आहुत की गई। ये मीटिंग करीब आधे घंटे से ज्यादा चली। रामानुज छात्र छात्रावास बी के जिस हॉस्टल में ये घटना हुई वहां पर करीब 150 स्टूडेंट्स है।

### माता-पिता को भी बुलाया जाएगा

इस मामले में उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट्स के माता-पिता को भी बुलवाया जाएगा और उन्हें इसकी जानकारी दी जाएगी। इधर, आईईटी निदेशक को आशंका है कि नशे की हालत में ये कृत्य किया गया है। हालांकि हॉस्टल में नशा पूरी तरह से जीरो टॉलरेंस पर है। अब ऐसे में ये बात सामने आने पर यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि हॉस्टल के 4 वार्डन और एक सीनियर वार्डन को उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट्स को हॉस्टल से बाहर का रास्ता दिखाने के लिए बोल दिया गया है। इस मामले में फोटो और वीडियो देखकर स्टूडेंट्स को चिन्हित किया जाएगा।

### दारू बदनाम कर दी पर किया डांस, जमकर की तोड़फोड़

दरअसल, हॉस्टल रविवार अलसुबह स्टूडेंट्स ने हॉस्टल कैंपस में अर्धनग्न होकर दारू बदनाम कर दी गाने पर जमकर डांस किया। इस दौरान उन पर कुछ स्टूडेंट्स पानी भी फेंकते नजर आए। इसके बाद उन्होंने हॉस्टल की कुर्सियां, टेबल, पानी की टंकी, खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। टेबल-कुर्सियां तक यहां से वहां तोड़कर फेंक दी। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वीडियो सामने आने के बाद से ही यह चर्चा का विषय बन गया। इधर, घटना के बाद रविवार को एबीवीपी के महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने इस घटना को निंदनीय बताया और मामले में दोषियों पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कहा कि शैक्षणिक संस्थान मंदिर के समान है और वहां की संपत्ति की रक्षा करना प्रत्येक स्टूडेंट का कर्तव्य है। अभाविप छात्रों से भी अपील करती है कि इस प्रकार के कृत्यों का समर्थन न करें जिनसे शिक्षा और शिक्षा के मंदिरों का अपमान होता है।

---

### हाई कोर्ट चीफ जस्टिस की पहल: गर्मी की छुट्टियों में अब

# हफ्ते में 2 के बजाय 3 दिन लगेगी कोर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

हाई कोर्ट की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में इस बार कामकाज बढ़ा दिया गया है। रजिस्ट्री द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार अब अवकाश के दौरान सप्ताह में सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को कोर्ट खुलेगी। पहले छुट्टियों में सप्ताह में दो दिन (सोमवार, गुरुवार) ही सुनवाई होती थी, लेकिन इस बार 30 दिनों की छुट्टियों में 12 दिन कोर्ट काम करेगा।

जमानत मामलों को प्राथमिकता से सूचीबद्ध किया जाएगा। धारा 438 और 439 सीआरपीसी एवं एससी-एसटी एक्ट की पहली जमानत अर्जियां बिना अलग अर्जेंट आवेदन के भी लगेंगी। अन्य मामलों के लिए अर्जेंट सुनवाई आवेदन जरूरी रहेगा।

हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के इस नवाचार का सबसे बड़ा फायदा



जमानत, अग्रिम जमानत व अन्य विशेष मामलों के लिए होगा। जमानत, अग्रिम जमानत के कामकाजी दिनों में रोजाना 700-800 केस जजेस के सामने लग रहे हैं।

हर दिन करीब 100 मामलों की ही सुनवाई हो पा रही है। अग्रिम जमानत के मामले 10-15 दिन में भी बोर्ड पर नहीं लग पाते हैं। निचली अदालत से सजा होने पर हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाने पर 30 से 35 दिन तक भी वक्त लग रहा है। वेकेशन में 12 दिन कोर्ट खुलने से लंबित मामलों में भारी कमी आएगी।

**कौन से जज उपलब्ध रहेंगे-** सर्कुलर में अवकाश के दौरान उपलब्ध रहने वाले जजों की अलग रोस्टर सूची भी जारी की गई है। प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को निर्धारित डिवीजन बेंच और सिंगल बेंच मामलों की सुनवाई करेंगी।

**बेंच में जजेस की संख्या भी बढ़ सकती है**

अधिवक्ता मनीष यादव के मुताबिक अवकाशकालीन बेंच में जजेस की संख्या भी बढ़ सकती है। दो से तीन जजेस सुनवाई के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। स्थगन के विशेष मामलों के लिए सोमवार, बुधवार, शुक्रवार के अलावा भी दिनों में अर्जी लगाकर विशेष सुनवाई करवा सकते हैं।

# इंदौर में फिर बढ़ी गर्मी की तपिश, पारा 42 डिग्री पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में दो दिनों तक तापमान में गिरावट के बाद गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान कम होने के बावजूद उमस और तपिश बनी हुई थी, वहीं रविवार को पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से लोग दिनभर परेशान रहे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है।

शनिवार को दिन का तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। रविवार को सुबह 11 बजे से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर शुरू हो गया, जो शाम 5 बजे तक बना रहा। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग पसीने से तरबतर रहे। छुट्टी का दिन होने के बावजूद घरों में भी गर्मी से राहत नहीं मिली। हालात ऐसे रहे कि पंखों का असर भी कम नजर आया।

तेज गर्मी और धूप के कारण लू और डिहाइड्रेशन के मामलों में भी बढ़ोतरी होने लगी है। सरकारी एमवायएच के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव के मुताबिक, ओपीडी में डिहाइड्रेशन, शरीर दर्द और तेज बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। उन्होंने बताया कि तापमान बढ़ने से लोगों को चक्कर आना, उल्टी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो रही हैं।

---

### खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई:मैंगो शेक बेचने वाले दो प्रतिष्ठानों की जांच

# बिना लाइसेंस कारोबार मिलने पर काम बंद कराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पेय पदार्थों और खुले बाजारों में बिक रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों और हाट बाजारों में निरीक्षण कर कार्रवाई की।

स्नेहलतागंज स्थित गुजरात रस प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मौके पर संचालक राजेंद्र पटेल मौजूद मिले। टीम ने पाया कि प्रतिष्ठान में मैंगो शेक का निर्माण और विक्रय किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान मैंगो शेक, शक्कर और खाद्य रंग सहित कुल



चार नमूने जांच के लिए लिए गए। जांच में यह भी सामने आया कि खाद्य पंजीयन में प्रतिष्ठान का पता स्पष्ट और व्यवस्थित रूप से दर्ज नहीं था। इस अनियमितता को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने आगामी आदेश तक निर्माण कार्य बंद करा दिया।

**योगी आमरस भंडार पर भी कार्रवाई-** खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने चिमन बाग चौराहा स्थित योगी आमरस भंडार का भी निरीक्षण किया। मौके पर संचालक चंद्रहास पटेल प्रतिष्ठान का संचालन करते मिले। जांच के दौरान मैंगो शेक का विक्रय होता पाया गया, लेकिन प्रतिष्ठान के पास वैध खाद्य पंजीयन उपलब्ध नहीं था। टीम ने मैंगो शेक और उसमें उपयोग किए जा रहे खाद्य रंग के दो नमूने जांच के लिए लिए। वैध खाद्य पंजीयन नहीं मिलने पर प्रशासन ने संबंधित खाद्य कारोबार को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया और निर्देश दिए कि वैध पंजीयन मिलने के बाद ही कारोबार शुरू किया जा सकेगा।

**हाट बाजारों में हल्दी की गुणवत्ता जांच-** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खुले बाजारों और हाट बाजारों में बिक रही हल्दी की गुणवत्ता जांच का अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सनावदिया हाट बाजार में हल्दी की प्रारंभिक जांच की गई। इसके अलावा मालवा मिल क्षेत्र और आसपास के हाट बाजारों में भी जांच अभियान चलाया गया। इससे पहले मांगलिया हाट और मूसाखेड़ी क्षेत्र में भी हल्दी के नमूनों की जांच की जा चुकी है। प्रारंभिक जांच में अब तक किसी प्रकार की मिलावट सामने नहीं आई है। हालांकि विस्तृत परीक्षण के लिए नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

## खबर एक नजर...

### अलखधाम नगर में देशभर से जुटे परिजन, जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री बनी आकर्षण

**उज्जैन।** अलखधाम नगर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीकांत नागर और निर्मला नागर के वैवाहिक जीवन के 60 वर्ष पूर्ण होने पर 16 मई को हीरक जयंती महोत्सव मनाया गया। गरिमामय समारोह में उनके प्रेम, विश्वास और समर्पण को वर्तमान पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल बताया गया। कार्यक्रम में दिल्ली, मुंबई, पुणे और अहमदाबाद सहित देश के विभिन्न हिस्सों से परिजन और मित्र शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि छह दशकों तक निरंतर एक-दूसरे का साथ निभाना और पारिवारिक मूल्यों को सहेजना समाज के लिए अनुकरणीय है। महोत्सव की शुरूआत पारंपरिक स्वागत और मंगलाचरण से हुई। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्य व संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। समारोह का मुख्य आकर्षण नागर दंपती के जीवन पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री रही। इसमें उनके संघर्ष, सादगी, सामाजिक योगदान और पारिवारिक संस्कारों को विस्तार से प्रदर्शित किया गया। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से पुरानी स्मृतियों को देखकर उपस्थित अतिथि भावुक हो गए। आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमाकांत नागर, प्रकाश चंद्र व्यास, सुनील नागर, संतोष नागर और अर्पित मिश्रा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह में हिस्सा लेने के लिए अहमदाबाद से डॉ. कुशा पंड्या और दिल्ली से डॉ. सौम्या नागर भी विशेष रूप से उपस्थित हुईं। कार्यक्रम का संचालन प्रणव व्यास ने किया। अंत में विशाल नागर ने अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### खाटू श्याम स्वरूप में हुए शनिदेव के दर्शन

**उज्जैन।** हरसिद्धि चौराहे स्थित अति प्राचीन श्री सूर्यपुत्र शनिदेव भगवान मंदिर में शनि जन्मोत्सव अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान शनिदेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया और उन्होंने भक्तों को खाटू श्याम स्वरूप में दर्शन दिए। जन्मोत्सव पर आयोजित महाआरती, छप्पन भोग और 21वें विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन एवं प्रसादी का लाभ लिया।

#### दो दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का समापन, देश भर से आए गुरुओं व विजेताओं का हुआ सम्मान

# किंकीणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव संपन्न, कथक गुरु डॉ. पूनम व्यास नृत्यालंकरण से सम्मानित






ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यभारत के अग्रणी शास्त्रीय कथक एवं लोक नृत्य संस्थान प्रतिभा संगीत कला संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय और उपशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता किंकीणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव 2026 का अभिरंग नाट्यगृह कालिदास संस्कृत अकादमी में समापन हुआ। समारोह में संस्थान द्वारा स्थापित देश का प्रतिष्ठित सम्मान 'गुरु स्व. पंडित कुंदनलाल गंगानी स्मृति नृत्यालंकरण 2026' बनारस घराने की सुविख्यात कथक गुरु डॉ. पूनम व्यास को प्रदान किया गया।

संस्थान की निदेशक इंजी. प्रतिभा रघुवंशी एलची ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा के अनुसार गुरु पादपूजन कर डॉ. व्यास को सम्मानित किया।

समारोह में दो दिवसीय प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में पधारे गुरु पंडित धीरेन्द्र तिवारी और डॉ. मेघा शर्मा जादौन का अभिनंदन किया गया। साथ ही भरतनाट्यम शैली की स्पर्धा में विशेष तौर पर निर्णायक के रूप में पधारीं मध्य प्रदेश शिखर सम्मान से सम्मानित भोपाल की गुरु भारती होंबल का भी सम्मान किया गया। इसके पश्चात देश भर से अपने शिष्यों के साथ उज्जैन पधारे सभी नृत्य गुरुओं को संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। नृत्योत्सव के समापन अवसर पर दो दिवसीय प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई। इसमें प्रत्येक आयु वर्ग में आयोजित एकल, युगल और समूह नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। संस्थान की निदेशक इंजी. प्रतिभा रघुवंशी एलची ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यारदे, संस्कार भारती के अखिल भारतीय सह कोष प्रमुख श्रीपाद जोशी, संस्कार भारती उज्जैन महानगर अध्यक्ष माया बदेका, संस्थान की संस्थापिका अध्यक्ष पद्मजा रघुवंशी और मानसेवी सचिव डॉ. रौनक एलची विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में आभार निदेशक इंजी. प्रतिभा ने माना।

## डमरू और नासिक ढोल की गूंज से शिवमय हुआ उज्जैन

### बाल कलाकारों की ऊर्जावान झांझ-डमरू प्रस्तुति रही मुख्य आकर्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में शनिदेव जयंती के अवसर पर बुधवरिया और क्षिप्रा नदी स्थित छोटे पुल के शनि मंदिरों में 15 और 16 मई को हुए आयोजनों में नन्हे बालक-बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत झांझ, डमरू और नासिक ढोल की मंगल ध्वनि से पूरा उज्जैन शहर गूंज उठा।

आयोजनों में चैतन्य भैरव झांझ मंडली, जय गजानन नारी शक्ति और नासिक ढोल पार्टी ने विशेष रूप से सहभागिता की। दोनों ही स्थानों पर कोच पूजा चौहान के कुशल मार्गदर्शन में नन्हे बाल कलाकारों ने अपनी पूरी ऊर्जा के साथ झांझ, डमरू और नासिक ढोल की ऐसी मनमोहक व जोरदार प्रस्तुति दी कि उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

नदी स्थित छोटे पुल के शनिदेव मंदिर में 16 मई को गब्बर बाबा मित्र मंडली द्वारा गब्बर बाबा और धर्मेंद्र जोशी के नेतृत्व में शनिदेव जयंती का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे और भोजन का आयोजन किया गया।

इससे पहले 15 मई को बुधवरिया क्षेत्र स्थित शनिदेव मंदिर में भी शनिदेव मंदिर मित्र मंडली द्वारा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने और संपूर्ण व्यवस्था संभालने में छह बालिकाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की कमान विशेष रूप से सुहाना, सुभिका, नैंसी, अंजलि, लावण्या और माही ने संभाली।

#### अयोध्या से पधारे आचार्य संपन्न कराएंगे धार्मिक अनुष्ठान

## तिरुपति धाम मंदिर में 15 दिवसीय अनुष्ठान आज से शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर बड़नगर रोड स्थित श्री तिरुपति धाम मंदिर, हनुमान गढ़ी में 15 दिवसीय श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान और महायज्ञ की शुरूआत आज 17 मई से हो गई है। श्रीकांत धमार्दाय ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित यह अनुष्ठान 31 मई 2026 तक चलेगा।

यह आयोजन श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीकान्ताचार्य महाराज की अध्यक्षता और उत्तराधिकारी स्वामी श्री राघवेन्द्राचार्य महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान को विधि-विधान से संपन्न कराने के लिए अयोध्या से विशेष रूप से आचार्य पधारे हैं। आयोजन की जानकारी देते हुए समिति ने बताया कि 15 दिनों तक प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। रोजाना सुबह 7 से 9 बजे तक भगवान का अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 9 से 12 बजे तक और दोपहर 3 से 5 बजे तक पाठ का आयोजन होगा। शाम को 5 से 6 बजे तक हवन किया जाएगा।

### आयोजन समिति कर रही व्यवस्थाओं का संचालन

इस वृहद धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए पुरुषोत्तम मास समिति का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष प्रदीप गनेड़ीवाल, प्रधान यजमान राधेश्याम लाहोटी, कोषाध्यक्ष बी.एल. अग्रवाल, सचिव दामोदर गट्टानी, महामंत्री श्यामसिंह सिकरवार, प्रचार-प्रसार प्रभारी दिनेश जोशी, सह सचिव दीप राठौर, उप यजमान गौतम गनेड़ीवाल और कार्य संचालक मनोज तिवारी व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।

### देशभर से शामिल हो रहे श्रद्धालु

आयोजन के लिए एक वृहद स्वागत समिति भी बनाई गई है, जिसमें उज्जैन के साथ ही देशभर के श्रद्धालु जुड़े हैं। स्वागत समिति में उज्जैन से संतोष मानधनिया, राजेन्द्र झंवर, सत्यनारायण सोमानी, मीणा मंत्री, जीयालाल शर्मा, मनोज माहेश्वरी, श्रीधर मूंदड़ा, ओमप्रकाश पलौड़, विजय बांगड़, पवन कोचर, सुनील बियाणी शामिल हैं। इसके अलावा इंदौर से संजय बलदवा, महू से भूषण माहेश्वरी, अमृतसर से मंजीतसिंह, मानपुर से पवन अजमेरा, इचलकरंजी से ओम चिचाणी व अन्य सदस्य, भीलवाड़ा से शिवकुमार कौशिक, मेड़तासिटी से गोपाल गौड़, नानपुर से रजनीकांत वाणी, गाजियाबाद और हापुड़ से नरेन्द्र गोयल व राजीव जिन्दल सहित कई अन्य शहरों और कांकरोली राजस्थान के सदस्य भी शामिल हैं।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने उज्जैन की धर्मप्राण जनता से प्रतिदिन इस अनुष्ठान में शामिल होकर महायज्ञ में सहयोग देने और दर्शन लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

## उज्जैन में पहली बार सिंधी भाषा में भागवत कथा: 101 कलशों के साथ निकली भव्य यात्रा

### श्री सिंधु भाईबंध समाज कल्याण समिति का आयोजन, अमरावती के संत सुनाएंगे कथा, शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के शुभारंभ अवसर पर रविवार को शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसका विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संस्थाओं द्वारा अभूतपूर्व



स्वागत किया गया।

समिति एवं पंचायत के अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि उज्जैन शहर में पहली बार सिंधी भाषा में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अमरावती महाराष्ट्र स्थित शिव धारा आश्रम के संत श्री संतोष देव जी महाराज सिंधी भाषा में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे।

कलश यात्रा सिंधु भवन कल्याण एवं उत्थान समिति की जमीन विष्णु वाटिका से शुरू होकर कथा स्थल संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जीवाजीगंज थाने के सामने पहुंची। इस दौरान 101 मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण कर संगीतमय वातावरण में नृत्य करते हुए सहभागिता की।

मार्ग में कलश यात्रा का श्री सिंधु जाग्रत समाज माधव नगर, सिंधी साहिती, भाईबंध पंचायत बुधवारिया, इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, शक्कर पंचायत, युवा शक्ति पटेल नगर, भानुशाली पंचायत, लायंस क्लब उज्जैन, राजवानी परिवार, भाजपा, राष्ट्रीय कांग्रेस एवं अनेक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

कलश यात्रा में प्रताप रोहरा, गोपाल बलवानी, महेश गंगवानी, जवाहर सनमुखानी, रमेश गजरानी, पीयूष पटेल, दीपक बेलानी, राजकुमार परसवानी, अर्जुन भिमवानी, चंदीराम जेठवानी, किशन देवनानी, मूलचंद वासवानी, महेश बलवानी, तुलसी राजवानी, राजू राजवानी, अनीता राजवानी, धर्मेंद्र खूबचंदानी, हरीश टेकवानी, गंगाराम राघवानी, किशोर मुलानी, ललित लुल्ला, विनोद लुल्ला, सोनिया नथानी, वर्षा आडवाणी, लक्ष्मी खत्री, ताराचंद वासवानी, मुरलीधर कोटवानी सहित शहर के गणमान्य नागरिक व सिंधी समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

आयोजन का संयोजन राजकुमारी खेमचंदानी, बिंदिया बलवानी, जया थानी, भारती खेमचंदानी, ऊषा सेवारामणि, प्रकाश थानी, नरेश मूलचंदानी, घनश्याम दासवानी, सुरेश पुरुस्वानी व निशा रामचंदानी ने किया। अंत में वीर मनमानी और नितु बलवानी ने आभार माना।

## खबर एक नजर...

### विश्व संग्रहालय दिवस-त्रिवेणी संग्रहालय में नि:शुल्क प्रवेश

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय में विश्व संग्रहालय दिवस पर 18 मई को पर्यटकों का प्रवेश नि:शुल्क रहेगा। संग्रहालय सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। प्रत्येक वर्ष 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस इतिहास, संस्कृति और विरासत के संरक्षण में संग्रहालयों के महत्व को रेखांकित करता है। संग्रहालय केवल प्राचीन वस्तुओं का संग्रह नहीं होते, बल्कि वे सभ्यता और सांस्कृतिक यात्रा के जीवंत दस्तावेज माने जाते हैं। इस दिवस की शुरूआत वर्ष 1977 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूजियम्स द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य संग्रहालयों को ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विविधताओं को समझने का सशक्त माध्यम बनाना है। वर्तमान में यह दिवस विश्व के 140 से अधिक देशों में मनाया जाता है। इस अवसर पर उज्जैन के इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ना है।

### गढ़कालिका मंदिर में आरती के दौरान विवाद

**उज्जैन।** उज्जैन के गढ़ कालिका मंदिर में रविवार दोपहर आरती के दौरान एक विवाद हो गया। यह विवाद किन्नर अखाड़ा तेलंगाना की महामंडलेश्वर साध्वी काली नंद गिरी और मंदिर के पुजारी व गार्डों के बीच हुआ। इस घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महामंडलेश्वर साध्वी काली नंद गिरी दोपहर 12 बजे की आरती में शामिल होने मंदिर पहुंची थीं। साध्वी का आरोप है कि आरती के दौरान उन्हें वहां से हटने और बाहर जाने के लिए कहा गया, जिससे वे आक्रोशित हो गईं। उन्होंने माफी मांगने की मांग की। जीवनजीगंज सीएसपी पुष्पा प्रजापति ने बताया कि गढ़कालिका मंदिर में कुछ बातों को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

विवाद बढ़ने पर साध्वी ने विरोध स्वरूप अपनी कार से पेट्रोल लाकर मंदिर परिसर में खुद पर डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें रोक लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान मंदिर का एक गेट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया था, जबकि दूसरे से दर्शन जारी रहे घटना की सूचना मिलते ही जीवाजीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने साध्वी को समझा-बुझाकर थाने ले गई। मंदिर प्रभारी मूलचंद जाटवा के अनुसार, आरती के दौरान श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ थी। साध्वी से केवल इतना कहा गया था कि वे थोड़ा किनारे हो जाएं ताकि अन्य श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकें। इसी बात को लेकर साध्वी नाराज हो गईं और विवाद बढ़ गया। फिलहाल, जीवाजीगंज पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं किन्नर अखाड़ा की सती माता नंद गिरी ने कुछ समय पहले एक वीडियो जारी कर कहा था कि काली नन्द गिरी हमारे नियमों का पालन नहीं कर रही थी इसलिए इन्हें अखाड़े से बर्खास्त किया जाता है।

# मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग का शाजापुर में शुभारंभ

### 28 जिलों से आए 234 शिक्षार्थी ले रहे प्रशिक्षण, स्वयंसेवक ही संभाल रहे पूरे वर्ग की व्यवस्थाएं

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग का औपचारिक शुभारंभ रविवार को शाजापुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, दुपाड़ा रोड परिसर में हुआ। वर्ग का शुभारंभ प्रांत संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री, वर्ग सर्वाधिकारी प्रवीण सैनी, वर्ग कार्यवाह राधेश्याम पाटीदार द्वारा माँ भारती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डॉ. प्रकाश शास्त्री ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ शिक्षा वर्ग केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रभाव और व्यक्तित्व निर्माण की एक साधना है। 15 दिनों तक परिवार और व्यक्तिगत सुविधाओं से दूर रहकर स्वयंसेवक सामूहिक जीवन, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और संगठनात्मक जीवन का अभ्यास करते हैं। वर्ग का उद्देश्य ऐसा कार्यकर्ता तैयार करना है जो समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए अपने परिवार, व्यवसाय और सामाजिक दायित्वों का भी प्रमाणिकता के साथ निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि संघ कार्य का मूल मंत्र ह्वव्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माणह्व है। वर्ग में कम साधनों में सामूहिकता के साथ जीवन जीने की प्रक्रिया स्वयंसेवकों में समायोजन, सहनशीलता और सहयोग की भावना विकसित करती है। यहां बौद्धिक चर्चा, शारीरिक प्रशिक्षण, योग, खेल, गीत, समता, नियुद्ध एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। संघ शिक्षा वर्ग में मालवा प्रांत के 8 विभागों के 28 जिलों से कुल 234 शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे हैं। आगामी 15 दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में प्रतिदिन प्रातः से रात्रि तक निर्धारित समयानुसार शारीरिक एवं बौद्धिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। वर्ग के समापन पर होने वाले प्रकट कार्यक्रम में शिक्षार्थी अपने प्रशिक्षण, अनुशासन एवं विविध कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विशेष बात यह है कि पूरे वर्ग की व्यवस्थाएं स्वयं संघ के कार्यकर्ता ही संभाल रहे हैं। भोजन व्यवस्था, आवास, स्वच्छता, चिकित्सा, सुरक्षा, जल प्रबंधन एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं का दायित्व स्वयंसेवकों द्वारा सेवा भाव से निभाया जा रहा है। वर्ग में कार्यकर्ता बिना किसी विशेष सुविधा की अपेक्षा के अनुशासित एवं आत्मीय वातावरण में कार्य कर रहे हैं, जो संघ की कार्यपद्धति और सामूहिक जीवन का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

वर्ग परिसर में वंदे मातरम के 150 वर्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में राष्ट्र जागरण, सेवा, सामाजिक समरसता, ग्राम विकास, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण एवं संगठन विस्तार से जुड़े विभिन्न आयामों को चित्रों और जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।

# सफाई व्यवस्था की खुली पोल, वार्ड नंबर 2 में उफने चैंबर, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर



शहर के स्टेशन रोड स्थित वार्ड नंबर 02 में इन दिनों नगर पालिका के स्वच्छता दावों की जमीनी हकीकत सामने आ रही है। सिकरवार ऑफिस के पास बने ड्रेनेज चैंबर की लंबे समय से सफाई न होने के कारण अब गंदा पानी उफन कर सड़क पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकरवार ऑफिस के समीप स्थित सीवेज चैंबर कचरे और गंदगी से पूरी तरह से चोक हो चुका है। निकासी न होने से गंदा और बदबूदार पानी मुख्य मार्ग पर जमा हो रहा है। इसके कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई है। गंदे पानी के जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है, जिससे वार्ड में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है। मोहल्ले के नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों और सफाई कर्मियों को इस गंभीर समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक चैंबर की सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और पैदल चलने वाले स्कूली बच्चों को इसी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई बार तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने पर गंदे पानी के छींटे राहगीरों पर उड़ते हैं, जिससे लोगों के कपड़े खराब होते हैं और आपसी विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। वार्ड नंबर 02 के आक्रोशित नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका अधिकारियों से मांग की है कि जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस चैंबर की और नालों सफाई

### सूने घर में अज्ञात कारणों से लगी आग, सामान जलकर खाक

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

शहर के बेरछा रोड स्थित अयोध्या बस्ती के एक सूने मकान में देर रात अज्ञात कारणों के चलते अचानक भीषण आग भड़क उठी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक, वार्ड क्रमांक-3 निवासी राहुल किसी काम से शहर से बाहर गया हुआ था और दरवाजे पर ताला जड़ा था। ऐसे में शनिवार रात करीब 11 बजे पास ही रहने वाले उनके रिश्तेदार धीरज ने घर से धुआं उठते देखा। जब उन्होंने गेट खोलकर अंदर देखा, तो किचन में आग लगी हुई थी। आग की लपटें देखकर नगर पालिका को सूचना दी।

## रामायण जीने की कला सीखाती है और गीता मरने का तरीका बताती है

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

ग्रंथ और पुराण हमारे जीवन का आधार हैं, जिनको पढ़कर और सुनकर हमें इस भवसागर से आसानी से पार हो सकते हैं। रामायण जीने की कला सिखाती है और श्री भगवत गीता मरने का तरीका बताती है। उक्त आशीर्वचन 1008 महंत अनुजदास महाराज ने रेलवे मैदान स्टेशन रोड़ पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के दौरान उपस्थितजनों के समक्ष प्रदान किए।

श्री नित्येश्वर महादेव भागवत कथा समिति एवं सूर्या ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित कथा महोत्सव का यह निरंतर सफलतम 15वां वर्ष है। इस वर्ष कथा प्रतिदिन शाम 7:30 से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा के दौरान महंतश्री ने रामायण और गीता का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में भाई कैसा होना चाहिए, पिता कैसा होना चाहिए, पुत्र कैसा होना चाहिए, माता कैसी होनी चाहिए और पत्नी कैसी होनी चाहिए अगर यह सीखना है तो रामायण से सीखना चाहिए और इंसान को सांसारिक मोह का त्याग करके अंतिम समय कैसे बिताना चाहिए चाहिए यह श्री भगवत गीता हमें बताती है। जीवन जीने का सार और अंतिम समय में संसार का त्याग कैसे किया जाए दोनों का रहस्य इन महानग्रंथों में छुपा हुआ है। इस अवसर पर महंत ने जीवन में परमात्मा की कथाओं का महत्व बताते हुए कहा कि सांसारिक जीवन में व्यक्ति ईर्ष्या, राग-द्वेष, अहंकार और क्रोध जैसे विकारों के वशीभूत होकर अपने जीवन के सुख और शांति को नष्ट कर लेता है। ऐसी स्थिति में उसके मन को शांति केवल अध्यात्म मार्ग पर चलकर परमात्मा की भक्ति से ही मिल सकती है। परमात्मा की अलौकिक कथाएं आध्यात्मिक मार्ग का वह नक्शा है जो परमात्मा के निकट पहुंचाने का काम करता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं नगरवासीगण उपस्थित रहे।

## ईंट भट्टे से चोरी गए ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, बेरछा पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर




जिले के बेरछा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलावद गोविंद से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली के मामले को सुलझाने में पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने महज कुछ ही दिनों के भीतर 2 लाख रुपये कीमत का चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर लिया है और वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, 11-12 मई 2026 की दरमियानी रात ग्राम तिलावद गोविंद में भेरू महाराज वाले खेत पर ईंट भट्टे के पास से अज्ञात चोरों ने फरियादी जीवन प्रजापति का महिंद्रा ट्रैक्टर को ट्रॉली सहित चोरी कर लिया था। फरियादी की शिकायत पर बेरछा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू की थी। एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी घनश्याम मालवीय और एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक भरतसिंह किरार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा पुराने वाहन चोरों से पूछताछ की।

इसी बीच, 16 मई को मुखबिर से मिली पक्की सूचना के आधार पर पुलिस ने सेतखेड़ी निवासी रामचरण पिता दयाराम गुर्जर 25 वर्ष और राहुल पिता बालू गुर्जर 32 वर्ष को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली कीमत 2 लाख रुपये बरामद कर लिया गया। इस पूरी कार्रवाई और चोरी का पदार्फाश करने में थाना प्रभारी निरीक्षक भरतसिंह किरार, उप निरीक्षक मेहरबानसिंह चौहान, सउनि रघुनाथसिंह राठौड़, प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा, रामपालसिंह राठौड़, हरीश सक्सेना, हेमेंद्र सोलंकी, आरक्षक रूपसिंह यादव, दीपक साहु, महेश वर्मा और आरक्षक चालक शैलेंद्रसिंह तोमर की अहम भूमिका रही।

## खबर एक नजर...

### 20 मई को जिले में मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे

नीमच। दवाओं की दोषपूर्ण आनलाइन बिक्री के विरोध में २० मई को जिले की दवा दुकाने बंद रहेगी द्य जिला केमिस्ट एसो.नीमच ने भी देशव्यापी बंद के समर्थन मे नीमच जिले मे भी मेडिकल स्टोर बंद रखने का निर्णय किया है। देश भर मे दवाओं की अनियंत्रित,अप्रमाणित ढंग से ऑनलाइन बिक्री, और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के विरोध स्वरुप नीमच जिले मे 20 मई को मेडिकल स्टोर को बंद रहेगे। नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष संजय किलेवाला व सचिव राकेश पटवा,व अजय तिवारी ने जानकारी मे बताया कि राष्ट्रीय व मध्य प्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर साथ में नीमच जिले ने इस बंद का समर्थन किया है। नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने 20 मई को जिलेभर के दवा व्यापार बंद रहने की जानकारी दीं । बिना डाक्टर के परामर्श और सही स्टोरेज मानकों के आनलाइन बिकने वाली दवाएं जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकती हैं। नीमच जिला केमिस्ट एसोसिशन ने 20 मई को मेडिकल स्टोर बंद रहने की सूचना जारी करते हुए आम जन से अपील की है कि वे अपनी बीपी शुगर सहित दवाइयां 20 मई के एक दिन पूर्व खरीद कर रख ले द्य ताकि उन्हें परेशानी ना हो।

### एमडी ड्रग्स मामले में एक और आरोपी पकड़ाया

मंदसौर। शहर कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) और अफीम की तस्करी के मामले में अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस अब तक कुल छह आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली पुलिस ने इस महीने की शुरूआत में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी इमरान पिता मीरगुल उर्फ बंटी पठान निवासी ग्राम दावतखेड़ी को 500 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और 500 ग्राम अफीम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक और आरोपी असलम हुसैन पिता अख्तर हुसैन (उम्र 43 वर्ष) निवासी खिलचीपुरा, मंदसौर को दबोच लिया है। आरोपी असलम को भी न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पूर्व में चार अन्य आरोपी पकड़ाये जा चुके है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में शामिल कुछ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी शेष है, जिन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### कृति ने डा. एच एन गुप्ता का किया सम्मान

नीमच। स्वच्छता अभियान और पर्यावरण सुरक्षा को अपने जीवन का उत्तरार्ध समर्पित करने वाले नीमच के ख्यात शल्य चिकित्सक डॉ एच एन गुप्ता को उनके निवास पर जाकर कृति संस्था के सदस्यों ने सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी सचिव रघुनन्दन पाराशर, सह सचिव श्याम टांकवाल ने पुष्पमाला और शाल भेंटकर डॉ गुप्ता का स्वागत व सम्मान किया।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस की मशाल रैली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। देशभर के करीब 22 लाख विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस ने रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत के नेतृत्व में विशाल मशाल रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में नीट परीक्षा देने वाले विद्यार्थी भी शामिल हुए। मशाल रैली धान मंडी से शुरू होकर शहीद चौक पर संपन्न हुई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीट पेपर लीक घोटाले ने देश के 22 लाख विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार इस मामले में जवाबदारी लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी अब तक इस गंभीर मामले पर कोई ठोस बयान नहीं दिया है।

गहलोत ने मांग की कि पूरे मामले की तत्काल ष्टक्चढ्ढ जांच कराई जाए और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने भी केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी बड़े आरोपी पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक माफिया बेखौफ होकर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं और मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य खराब कर रहे हैं। मशाल रैली में शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा उप नेता प्रतिपक्ष कमरुद्दीन कच्छवाया जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चौहान पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती आशा रावत शांति गवली प्रदीप राठौर मोहम्मद शेरानी सैलाना अगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला लकी जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़ ग्रामीण कांग्रेस महासचिव जगदीश पाटीदार ब्लॉक अध्यक्ष मंगल पाटीदार जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुजीत उपाध्याय सैलाना युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हनी गहलोत वरिष्ठ नेता जोएब आरिफ संगीता काकरिया शहर कांग्रेस महासचिव हितेश पैमाल रमेश पोरवाल उपाध्यक्ष विजय उपाध्याय एनएस यूआई अध्यक्ष नितेश शर्मा हेमंत नेका रोहित मीणा पार्षद नासिर कुरेशी सलीम बागवान शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वसूद एवं सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान नगर के पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण- विधायक जैन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। पिछले वर्ष 1 मई से शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए इस अभियान के 118वें दिन रविवार को शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिवना तट पहुंचकर करीब दो घंटे तक उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

इस महा-अभियान में विभिन्न समाजों, सामाजिक व महिला संगठनों, युवा वर्ग और ग्रामीण अंचल के प्रबुद्धजनों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। श्रमदान के दौरान नदी की तलहटी में जमी भारी गाद, प्लास्टिक कचरा और गाजर घास को हटाकर कुल 8 ट्रॉली गंदगी बाहर निकाली गई।

इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी का शुद्धिकरण नगर के पर्यावरण संतुलन और मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। नदी की स्वच्छता से न केवल जल प्रदूषण पर कड़ा नियंत्रण होगा, बल्कि इसके पानी की गुणवत्ता में भी बड़ा सुधार आएगा। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभियान में लगातार बढ़ती जनभागीदारी इस बात का प्रमाण है कि अब यह सिर्फ एक सफाई कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

रविवार को आयोजित इस वृहद श्रमदान में विधायक विपिन जैन के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, कायस्थ समाज, त्रिस्तुतिक संघ जनकूपुरा, मराठा समाज, भावसार समाज, खटीक समाज, सार्थक सोशल वेलफेयर सोसायटी, दशपुर योग शिक्षा संस्थान, पेन इलाइट क्लब और सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति अभिनंदन नगर के अनेक पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। इसके साथ ही भंडारिया, बेहपुर व मुल्तानपुरा गांव के सैकड़ों ग्रामीणजन, अनेक वरिष्ठ समाजसेवी, महिला नेत्रियां सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे, जिन्होंने नदी को स्वच्छ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



# रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

सिविल हॉस्पिटल में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी डा प्रमोद प्रजापति के मार्गदर्शन में सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी के निर्देशन में कार्यशाला आयोजित की गई,। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि कार्यशाला में डेंगू के लक्षण, उपचार,बचाव, सावधानी एवं मच्छरों की उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी गई ।मेडिकल ऑफिसर डा नरेंद्र वर्मा, डा विजय चौहान, डा विनय धाकड़ ने बताया कि डेंगू डेन नामक वायरस के काटने से होता है,। सात दिन तक बुखार,सिरदर्द, जोड़ो में दर्द, छाती, हाथों में लाल चकते, मांसपेशियों में दर्द, मुख्य लक्षण है डेंगू के,, लक्षण पाए जाने पर तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर परामर्श, जांच उपचार लेना चाहिए।,बीईई बसंतीलाल मईडा, बीपीएम रघुनंदन पाटीदार,मलेरिया इंस्पेक्टर सलीम मंसूरी, ने जानकारी देते हुए कहा कि उच्च जोखिम वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं, डायबिटीज, हृदय रोगियों को चिकित्सक को दिखाकर 12 घंटे में ही उपचार लेना चाहिए लार्वा, मच्छरों को पनपने से रोके ओर डेंगू से सुरक्षित रहे।, घर के सभी बर्तनों ,टंकियों,मटकों अंडरग्राउंड टैंक को सप्ताह में एक बार पानी अवश्य खाली करे, पुरी आस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरों को नष्ट करने के लिए पायरेथरम का स्प्रे किया जाता है/



# सब्जी के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 324 किलो डोडाचूरा जब्त

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सब्जी की आड़ में तस्करी किया जा रहा 324 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया है। इसके साथ ही परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप वाहन को भी जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने नारिया बुजुर्ग फंटा गरोठ-मेलखेड़ा रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी लेने पर उसके डाले में बैंगन, फूलगोभी, बंदगोभी, भिंडी और करेले की प्लास्टिक की थैलियों के नीचे काले रंग के 16 प्लास्टिक के कट्टे मिले। इन कट्टों की जांच करने पर कुल 324 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा पाया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 6 लाख 49 हजार 500 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ सहित करीब 10 लाख रुपये मूल्य की महिंद्रा पिकअप और 20 हजार रुपये कीमत के दो रियलमी एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए हैं। मौके से आरोपी असरब उर्फ अशरफ पिता इस्माइल मंसूरी निवासी मेलखेड़ा, थाना शामगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। गरोठ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का रतलाम जिले का प्रवास कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री पवन पाटीदार जी का दिनांक 18 मई 2026 को रतलाम जिले में प्रवास रहेगा। प्रवास के दौरान वे विभिन्न स्थानों पर वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद एवं मुलाकात करेंगे।

प्रातः 10 बजे श्री पवन पाटीदार आलोट सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां विधायक श्री चिंतामणि मालवीय के साथ स्वल्पाहार कर वरिष्ठजनों से भेंट करेंगे। इसके पश्चात वे आलोट से ताल पहुंचकर पिछड़ा वर्ग जाति समाज के प्रमुख जनों से संवाद एवं चर्चा करेंगे। तत्पश्चात जावरा विधायक जी के निवास पर भेंट कर जावरा स्थित सीताराम बाग में विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क एवं संवाद करेंगे। साथ ही मीसाबंदी स्वर्गीय श्री राजमल जी बरईया के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

इसके उपरांत नामली नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत के पश्चात तय मार्ग से होते हुए शाम 4 बजे रतलाम स्थित होटल रुद्र पैलेस में जनप्रतिनिधियों एवं जिला पदाधि कारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 5.50 बजे रंगोली गार्डन में हितग्राही संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रवास के दौरान श्री पवन पाटीदार वरिष्ठ नेता श्री हिम्मत कोठारी , श्री कन्हैयालाल जी मौर्य एवं श्री बजरंग पुरोहित के निवास पर भी आत्मीय भेंट करेंगे। श्री पवन पाटीदार जी की अगवानी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्री बलवंत भाटी, श्री आशीष सोनी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री संदीप यादव द्वारा की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री पवन पाटीदार, श्री प्रदीप उपाध्याय, विधायक श्री मथुरालाल डामोर, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, श्रीमती मनीषा शर्मा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, अनिल मंडावरा, जिला महामंत्री श्री जयवंत कोठारी सहित रतलाम जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### व्यापक निरीक्षण

**नीमच।** जिले मे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुरक्षा को ओर अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिले के राजकीय राज्य मार्ग-31 सहित विभिन्न चिहिन्त ब्लैक स्पॉट्स का विस्तृत निरीक्षण किये जाने का आदेश थाना प्रभारी यातायात को दिया गया ।

# ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर आए हाई कोर्ट निर्णय के बाद खंडवा में सनातन धर्मावलंबियों के बीच उत्साह का माहौल

### घंटाघर चौक पर भारत माता की आरती, और हुआ सरस्वती मां का पूजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर आए हाई कोर्ट न्यायिक निर्णय के बाद खंडवा में सनातन धर्मावलंबियों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। शुक्रवार शाम शहर के प्रमुख घंटाघर चौक पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए, जहां भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती उतारी गई एवं मां सरस्वती का पूजन किया गया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति और धार्मिक नारों से गूंज उठा।

आरती और जयघोषों से बना भक्तिमय माहौल शाम होते ही घंटाघर चौक पर श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे। हाथों में केसरिया ध्वज और आरती की थालि लिए लोगों ने भारत माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान च्वंदे मातरम, जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सुनील जैन ने बताया कि आयोजन में शामिल लोगों ने इसे सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों



के सम्मान से जुड़ा निर्णय बताते हुए खुशी जाहिर की। विधायक कंचन तंनवे ने कहा कि वर्षों से लंबित इस मामले में न्यायालय की पहल से सत्य की विजय हुई है। इस विजय को लेकर घंटा घर पर हम सभी ने मिलकर भारत माता की आरती कर जयकारे लगाए। भारत माता हमें सब कुछ देती है हमारा भी दायित्व है कि हम सभी भारत माता के प्रति नत मस्तक रहे एवं सदैव माता की आरती करते रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे डॉ. अनिस अरझरे ने भी खुशी खुशी जाहिर करते हुए इस फैसले को सत्य की जीत बताया एवं भारत माता की आरती में भाग लिया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा की जनता हमेशा से देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के पक्ष में रही है। आयोजन के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ आयोजन सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल रहा तैनात

कार्यक्रम के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए घंटाघर चौक पर पुलिस बल तैनात रहा। भारत माता की आरती के इस आयोजन में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, डॉ अनिस अरझरे, लोकेंद्र गोड, सुनील जैन, गणेश गुरबाणी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, स्नेहा पाराशर, हरीश सेन, श्याम फुलमाली, पंडित शैलेंद्र पांडेय, नवीन शर्मा, पचोरी, सतनाम सिंह होरा, राजेंद्र सिंह सोनी विशाल छाबडा, राम सिंह रावत, आशीष शर्मा, अनिल भगत, दुर्गेश शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हसनाबाद गांव से मुकद्दस सफर-ए-हज पर रवाना हुए

देपालपुर। क्षेत्र के ग्राम हसनाबाद में उस वक़्त रूहानी माहौल देखने को मिला, जब गांव के सम्मानित निवासी सदर मोहम्मद सलीम गब्बर एवं रफीक मोहम्मद अपनी अहलिया (सपत्नीक) के साथ मुकद्दस सरजमीं मक्का-मदीना, सऊदी अरब के लिए सफर-ए-हज पर रवाना हुए। इस मुबारक मौके पर परिवारजन, रिश्तेदार, अजीजो-अकारिब, दोस्त-अहबाब एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी तादाद में मौजूद रहे और हाजियों को गुलपोशी कर दुआओं एवं नेक तमन्नाओं के साथ रुख़्सत किया। गांव में सुबह से ही एक रूहानी फिजा कायम रही। हर तरफ लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की सदाएं गूंजती रहीं और लोगों ने हज पर जाने वाले खुशनसीब लोगों को मुबारकबाद पेश की। बुजुर्गों ने हाजियों को सब्र, तहम्मुल और इबादत में पूरी तल्लीनता के साथ अरकान-ए-हज अदा करने की नसीहत दी। वहीं बच्चों और नौजवानों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। रवानगी से पहले आयोजित दुआईया मजलिस में उलेमा-ए-किराम एवं बुजुर्गों ने कहा कि हज इस्लाम का अहम रुक्न है और हर साहिब-ए-इस्तिताअत मुसलमान की दिली ख्वाहिश होती है कि उसे अल्लाह तआला अपने घर की हाजिरी नसीब फरमाए।

## बदनावर में छह दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर

तेजी से बदलते आधुनिक दौर और पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के बीच युवाओं को संस्कारों एवं धार्मिक मूल्यों से जोड़ने हेतु बदनावर में छह दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन किया गया । मनावर नगर के बच्चों ने भी की सहभागिता 17 मई को शिविर का समापन हुआ।



इस शिविर में 12 से 22 वर्ष आयु वर्ग के बच्चो ने भाग लिया । शिविर का संचालन आचार्य उमेशमुनिजी म.सा. के सुशिष्य बुद्धपुत्र जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. की प्रेरणा से हुआ । शिविर में पूज्य मुनिराज धर्मेन्द्रमुनि, संदीपमुनि, अभयमुनि, जयंतमुनि सहित ठाणा 8 एवं महासती मधुबालाजी, सुनीताजी सहित ठाणा 6 के सानिध्य में बच्चों को जैन धर्म के मूल सिद्धांतों, नवकार महामंत्र, सामयिक आराधना तथा जीव दया का अभ्यास कराया गया । प्रत्येक शिविरार्थी के लिए रायसी व देवसिय प्रतिक्रमण तथा नौ सामयिक अनिवार्य थी । सुबह धार्मिक प्रवचनों के बाद ध्यान-योग, प्राणायाम, क्रोध नियंत्रण, आत्मनियंत्रण, शब्दों की मयार्दा एवं साधु जीवन के महत्व जैसे विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गये। बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सामूहिकता की भावना विकसित करने हेतु खेल व मनोरंजक गतिविधियां भी कराई गई। क्रिकेट स्पर्धा मे मनावर श्रीसंघ के आदिश नवलखा की कप्तानी मे मनावर टीम उपविजेता बनी व नगर का नाम गौरवान्वित किया। मनावर श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड व संघ सहसचिव आकेश दीपिका नवलखा भी समापन समारोह मे उपस्थित थे। मनावर नगर से आदिश नवलखा, आदित्य नवलखा, आरव खटोड, तनिष्क जैन, कल्प नवलखा और अथर्व काकरेचा ने भीषण गर्मी मे भी समभाव से शिवीर मे भाग लिया व धार्मिक ज्ञान संस्कार अर्जित किये ।

## हमारे बुथ समाधान केंद्र बनना चाहिए - जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर

भाजपा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान सिंह परमार का भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय में प्रथम आगमन हुआ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार एवं अ जा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरज बालेश्वर द्वारा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्षजी का स्मृति चिन्ह प्रतीक भाजपा का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया संगठन में प्रवास के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कहा भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों काम करने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है आज जो लोग संविधान को अपने हाथों में लेकर घूम रहे हैं सब समाज के भोले भाले समाज को भड़काने कम कर रहे हैं आज उनका आधार क्या है आज भाजपा की सरकार डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने का काम अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का काम समरसता के भाव से करने का काम कर रही है।

## विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया


मंडलेश्वर।अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण में गायत्री परिवार तहसील महेश्वर के सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 15 मई शुक्रवार शाम के समय संस्कार शालाओं के आयोजकों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रज्ञापीठ छोटी खरगोन में संपन्न हुआ । जिसमें संस्कारशाला के जिला समन्वयक श्री जितेंद्र भाई यादव जिला सह समन्वयक केसरीलाल पटेल के मार्गदर्शन में एवं तहसील संयोजक रामदास कौशल के सहयोग से तहसील में संस्कार शाला चलाने वाले , समस्त कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। महेश्वर तहसील के संस्कारशाला के प्रभारी श्री भुवानीराम पाटीदार ने तहसील में चल रही संस्कार शालाओं की जानकारी प्रस्तुत की साथ ही जिला सदस्य श्री किशनलाल मुकाती ने उपस्थित सभी का स्वागत किया। पर्यावरण क्षेत्र में सक्रिय रूप से भागीदारी करने वाले मुकेश भाई जाट का विवाह दिवस होने से उपस्थित सभी परिजनों ने वैदिक मन्त्रों एवं पुष्पों की वर्षा के माध्यम से दंपति का स्वागत-सत्कार किया गया एवं बधाईयां दी। कार्यक्रम का संचालन विजय भाई कुशवाहा के द्वारा संपन्न किया गया तथा सभी के प्रति आभार श्री कन्हैयालाल पाटीदार के द्वारा व्यक्त किया गया।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

### फेफड़ा व ईएनटी विशेषज्ञों ने की जांच, बीपी-शुगर टेस्ट नि:शुल्क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा रविवार, 17 मई को शनि मंदिर स्थित सुपर क्लिनिक में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 35 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परामर्श और जांच का लाभ उठाया।



### विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम वर्मा एवं ईएनटी सर्जन डॉ. विकुल देशवाल ने मरीजों की गहन जांच कर उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने उपस्थित मरीजों को बदलते मौसम में होने वाले विकारों से बचने और खुद को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण उपाय भी बताए।

### बीपी-शुगर की नि:शुल्क जांच

शिविर के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच पूरी तरह नि:शुल्क की गई।

पूरे स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के कुशल दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर का लाभ उठाने वाले स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों के इस जनहितैषी प्रयास की सराहना की।

## संघ शिक्षा वर्ग मंदसौर में प्रारंभ, 302 शिक्षार्थी ले रहे हैं प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) का भव्य और विधिवत शुभारंभ संजीत रोड स्थित सरस्वती विहार प्रांगण में भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। 15 दिनों तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण वर्ग में मालवा प्रांत के 28 जिलों से चयनित 302 शिक्षार्थी सहभागिता कर रहे हैं। इस वर्ग में शिक्षार्थी संघ की कार्यपद्धति, सामूहिक जीवन, सेवा और कड़े अनुशासन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।



इस अवसर पर वर्ग के सर्वाधिकारी जैनेन्द्र जैन, वर्ग पालक व मालवा प्रांत के सह प्रांत प्रचारक केतन सोजीतरा और वर्ग कार्यवाह डॉ. सुमंत कुशवाह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में शिक्षार्थियों को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए मालवा प्रांत के सह कार्यवाह रघुवीरसिंह सिसौदिया ने कहा कि मां भारती की सेवा का अवसर हमारे जीवन में आया है और यह वर्ग सामूहिक जीवन जीने की कला सीखने का एक श्रेष्ठ माध्यम है। आपने कहा कि हमारी संस्कृति विविधता में एकता का दर्शन कराती है। कई बाहरी आक्रमणों को झेलने के बाद भी यह संस्कृति आज भी जीवंत है क्योंकि इसके मूल्य गहरे हैं। हमारी संस्कृति में नदियों, पहाड़ों और मिट्टी को भी पूजनीय माना गया है और हम जड़ वस्तुओं में भी देवत्व देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा पूरे विश्व से सताए गए लोगों को शरण दी है और वसुधैव कुटुंबकम तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव को केवल वाक्यों में नहीं बल्कि आचरण में भी उतारा है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोरोना काल में विदेशों तक वैक्सीन पहुंचाना था। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि संघ का शिक्षा वर्ग कार्यकताओं के निर्माण की साधना है। इस प्रशिक्षण के बाद जब स्वयंसेवक समाज, देश और गांव के लिए अपना योगदान देंगे, तभी इस वर्ग की सार्थकता सिद्ध होगी।

## जनजाग्रति संस्था ने किया नवागत एस पी का स्वागत

बुरहानपुर। जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि जिले में अपराधों में कमी और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए जन-जन का सहयोग सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनता के सहयोग से जिले में शांति व्यवस्था कायम की जाएगी। समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ने मंगलवार को नवागत जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया।



## मौनी रॉय-सूरज ने फिर किया एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो

**गुरुवार को अलग होने की घोषणा की थी, दोस्ती बनाए रखने की कही थी बात**

एक्ट्रेस मौनी रॉय और बिजनेसमैन सूरज नांबियार ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को फिर से फॉलो करना शुरू कर दिया। हाल ही में दोनों के अलग होने की खबरों के बीच दोनों ने एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया था। पहले नोटिस किया गया था कि मौनी और सूरज इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को फॉलो नहीं कर रहे थे। हालांकि, अब दोनों फिर से एक-दूसरे की फॉलोइंग लिस्ट में दिखाई दे रहे हैं। मौनी ने अपनी शादी की तस्वीरें और सूरज के साथ पुराने पोस्ट भी अकाउंट से नहीं हटाए हैं। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम अकाउंट पर अब भी शादी और पुराने पलों की कई तस्वीरें मौजूद हैं। वहीं, सूरज के प्रोफाइल पर मौनी से जुड़ी सिर्फ एक तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसमें उनका चेहरा नजर नहीं आता।

गुरुवार को मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर एक जॉइंट नोट जारी कर बताया था कि वे अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। मौनी और सूरज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा था, हमें दुख है कि मीडिया के कुछ लोगों ने हमारी निजी जिंदगी में बेवजह और जरूरत से ज्यादा दखल दिया है। हम यह कहना चाहते हैं कि हमने अलग होने का फैसला किया है और इस समय को शांति और समझदारी के साथ निजी तौर पर संभाल रहे हैं। हमारी निजी जिंदगी को लेकर कई झूठी कहानियां और गलत बातें फैलाई गई हैं, जो हमारे रिश्ते की सच्चाई नहीं दिखातीं। काफी सोच-विचार के बाद हमने आपसी सम्मान और समझदारी के साथ अलग-अलग रास्तों पर आगे बढ़ने का फैसला किया है।

नोट में आगे कहा गया था, इस समय हम इस दौर को शांति और निजी तरीके से संभालने पर ध्यान दे रहे हैं। हम आने वाले समय में अपनी दोस्ती को हमेशा संभालकर रखने की कोशिश करेंगे। इस समय में मिले लगातार प्यार और सपोर्ट के लिए दिल से धन्यवाद करते हैं।

# तिलक वर्मा और श्रीलीला के अफेयर की खबरें अफवाह

**दावा- दोनों कभी एक-दूसरे से मिले तक नहीं, सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहें**

साउथ फिल्म एक्ट्रेस श्रीलीला और भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा के बीच किसी तरह का रिलेशनशिप नहीं है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक मामले से जुड़े एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि की है। दरअसल पिछले की दिनों से सोशल मीडिया पर दोनों के रिलेशन की चर्चा की जा रही थी।

सूत्र ने इन दावों को पूरी तरह से गलत और बिना किसी आधार का बताया है। सोर्स के मुताबिक, श्रीलीला और तिलक वर्मा कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं है और न ही दोनों के बीच कभी कोई बात हुई है। सोशल मीडिया पर दोनों को लेकर फैलाई जा रही बातें पूरी तरह से अफवाह है।

सोशल मीडिया पर ऐसे शुरू हुई थी चर्चा इंटरनेट पर पिछले कुछ समय से दोनों के रिलेशनशिप को लेकर कई तरह की बातें की जा रही थी। फैन पेज और इंस्टा अकाउंट्स ने अलग-अलग इवेंट्स की तस्वीरों को मिलाकर यह अनुमान लगाना शुरू कर दिया था। कुछ अनवेरिफाइड रिपोर्ट्स में कहा गया कि दोनों एक ही समय के आसपास अलग-अलग जगहों पर नजर आए थे।

इसमें मंदिर के दर्शन और स्पोर्ट्स मैच शामिल थे। इन बातों का कोई पुख्ता सबूत नहीं था, फिर भी इसे दोनों के अफेयर से जोड़कर देखा जाने लगा।

सोर्स बोले- अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं मामले से जुडे एक करीबी सोर्स ने इस पूरे विवाद पर खुलकर बात की है। सोर्स ने कहा कि तिलक वर्मा और श्रीलीला को लेकर जो भी बातें कही जा रही है, वे पूरी तरह से आधारहीन और झूठी है। दोनों कभी एक-दूसरे से आमने-सामने नहीं मिले है। सोर्स ने यह भी साफ किया कि लोगों को बिना किसी फैक्ट या सच्चाई के ऐसी मनगढंत बातें सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करना चाहिए।



नेशनल अवार्ड फिल्म में काम कर चुकी है श्रीलीला एक्ट्रेस श्रीलीला साउथ सिनेमा का एक बड़ा नाम है। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत बेहद कम उम्र में की थी। फिल्म 'भगवंत केसरी' से उन्हें इंडस्ट्री में पहचान मिली। इस फिल्म को 71वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स में बेस्ट तेलुगु फीचर फिल्म का अवार्ड भी मिला है। श्रीलीला को आखिरी बार फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में देखा गया था। आने वाले समय में वह धनुष की फिल्म 'धनुष 55' में नजर आने वाली है। इसके अलावा वह बॉलीवुड के कुछ बडे प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रही है।







## पंड्या 22 मई को दूसरी बार शादी करने वाले हैं

**माहिका शर्मा के साथ रिलेशनशिप में हैं दोनों की तरफ से कोई ऐलान नहीं**

हार्दिक पंड्या इन दिनों चोट के कारण आईपीएल 2026 के कुछ मैच नहीं खेल पाए हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि वो और उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा शादी कर सकते हैं। हालांकि, दोनों की तरफ से अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने दावा किया है कि हार्दिक और माहिका 22 मई को राजस्थान के उदयपुर में शादी करने वाले हैं। वहीं, एक दूसरे यूजर ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि माहिका लगातार मैचों के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहती थीं और हार्दिक मैच खत्म होने के बाद सीधे उनके पास चले जाते थे।

पोस्ट में यह भी कहा गया कि टीम की निजी चचाएं लीक होने की शिकायत के बाद बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स के टीम कैंप में आने पर सख्ती की। दावा किया गया कि हार्दिक इन नियमों से नाराज थे और इसी वजह से शादी का फैसला लिया गया। हालांकि, इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स इन वायरल पोस्ट्स को फर्जी भी बता रहे हैं।

**हार्दिक ने 2020 में नताशा से शादी की थी-** बता दें कि हार्दिक ने मई 2020 में नताशा स्टेनकोविक से शादी की थी। उसी साल नताशा ने बेटे अगस्त्य को 30 जुलाई 2020 को जन्म दिया। साल 2024 में दोनों अलग हो गए। हार्दिक अब माहिका शर्मा को डेट कर रहे हैं। उन्होंने माहिका के नाम के पहले अक्षर का टैटू भी बनवाया है। 2026 टी20 विश्व कप जीत के बाद स्टेडियम में जश्न के दौरान हार्दिक और माहिका साथ नजर आए थे। दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था, जिसमें वे एक-दूसरे के साथ समय बिताते दिखाई दिए थे। मैच के बाद इंटरव्यू में हार्दिक ने माहिका को अपना 'लकी चार्म' और 'मिसिस' बताते हुए कहा था, जब से माहिका लाइफ में आई हैं, तब से जीत ही जीत हो रही है।

# अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल को क्लीन विंडो


अजय देवगन और अक्षय कुमार की दोस्ती फिर चर्चा में है। खबर है कि अजय ने धमाल 4 की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी है, ताकि वेलकम टू द जंगल को बॉक्स ऑफिस पर क्लीन विंडो मिल सके।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले धमाल 4 4 जुलाई 2026 को रिलीज होने वाली थी। अब फिल्म 17 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। वहीं वेलकम टू द जंगल 26 जून 2026 को रिलीज होगी। दोनों बड़ी मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्में हैं। मेकर्स नहीं चाहते थे कि दोनों फिल्मों के बिजनेस पर असर पड़े।

सूत्रों के अनुसार, अजय देवगन और अक्षय कुमार ने बातचीत के बाद यह फैसला लिया। दोनों लंबे समय से दोस्त हैं और बॉक्स ऑफिस क्लैश का असर समझते हैं। इंडस्ट्री में इस फैसले को पॉजिटिव कदम माना जा रहा है।

**धमाल 4 की रिलीज डेट फिर टली: अजय देवगन ने निभाई दोस्ती**




धमाल 4 की रिलीज डेट इससे पहले भी कई बार बदली जा चुकी है। शुरूआत में फिल्म को ईद 2026 वीकेंड पर रिलीज करने की तैयारी थी। उस समय इसकी टक्कर यश की फिल्म टॉक्सिक और धुरंधर 2 से होने की चर्चा थी। क्लैश से बचने के लिए मेकर्स ने फिल्म को ईद स्लॉट से हटाकर 12 जून 2026 कर दिया था। इसके बाद ट्रेड रिपोर्ट्स में सामने आया कि मेकर्स जून स्लॉट से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे। बड़ी फिल्मों की भीड़ और बॉक्स ऑफिस विंडो को देखते हुए फिल्म की रिलीज 12 जून से बढ़ाकर 4 जुलाई 2026 कर दी गई थी। अब तीसरी बार फिल्म की रिलीज डेट बदली गई है। इस बार वजह वेलकम टू द जंगल बनी। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि लगातार दो बड़ी कॉमेडी फिल्मों की रिलीज से दोनों के कलेक्शन पर असर पड़ सकता था। इसी वजह से धमाल 4 को 17 जुलाई 2026 तक आगे बढ़ाया गया।

वहीं, यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज डेट भी आगे बढ़ाई गई है। पहले यह फिल्म ईद 2026 के आसपास रिलीज होने वाली थी। बाद में इसकी नई रिलीज डेट 4 जून 2026 तय की गई। इससे कई बड़ी फिल्मों का संभावित क्लैश टल गया।

अजय देवगन और अक्षय कुमार जल्द ही गोलमाल 5 में साथ नजर आएंगे। दोनों स्टार्स की बॉन्डिंग इंडस्ट्री में चर्चा में है।

इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी धमाल 4 में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा नजर आएंगे। वहीं वेलकम टू द जंगल में अक्षय कुमार के साथ बड़ी स्टारकास्ट दिखाई देगी।

### आईपीएल 2026 : बेंगलुरु प्लेऑफ में पहुंची, क्वालीफायर-1 खेलना तय

# पंजाब-राजस्थान के लिए हर मैच जीतना जरूरी

## दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई की भी उम्मीदें कायम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स को हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। टीम 13 मैचों में 18 पॉइंट्स के साथ टेबल के टॉप पर हैं। आरसीबी अब लीग स्टेज में टॉप-2 से बाहर नहीं हो सकती, इसलिए उसका क्वालीफायर-1 खेलना भी तय हो गया है।

दूसरी ओर पंजाब किंग्स को लगातार छठी हार मिली, जिससे टीम के नाकआउट स्टेज में पहुंचने के चांस कम हो गए हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर एक स्थान की छलांग लगाई। टीम 12 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है।

चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स अब भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई हैं।

- **बेंगलुरु टॉप पर, क्वालीफायर-1 खेलना तय-** आरसीबी 13 मैचों में 9 जीत और 18 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। टीम का नेट रनरेट +1.065 है, जो लीग में सबसे बेहतर है। बेंगलुरु अब अधिकतम 20 पॉइंट्स तक पहुंच सकती है। ऐसे में टीम का क्वालीफायर-1 खेलना तय हो गया है। बेंगलुरु का आखिरी लीग मैच 22 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।
- 18 पॉइंट्स पर भी बेंगलुरु को टॉप-2 से हटाना नामुमकिन है। पॉइंट्स टेबल में हैदराबाद और गुजरात 18 पॉइंट्स तक पहुंच सकते हैं। लेकिन बेंगलुरु के रनरेट को पीछे छोड़ना मुश्किल है। इसके लिए दोनों टीमों को अपने दोनों मैच बड़े मार्जिन से जीतने होंगे।
- **गुजरात दूसरे स्थान पर कायम-** गुजरात टाइटंस 16 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है। टीम का आखिरी मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से है। गुजरात यह मैच जीतती है तो टॉप-2 में जगह लगभग पक्की कर लेगी।
- **हैदराबाद तीसरे पायदान पर-** सनराइजर्स हैदराबाद 14 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम को अब चेन्नई और बेंगलुरु से खेलना है। आज चेन्नई को हराकर टीम अपनी प्लेऑफ खेलने की स्थिति मजबूत कर सकती है।
- **पंजाब और राजस्थान के लिए हर मैच अहम-** पंजाब किंग्स 13 मैचों में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर है। टीम लगातार 6 मैच हार चुकी है। पंजाब का आखिरी मुकाबला लखनऊ से है। प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए उसे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।
- राजस्थान रॉयल्स 12 पॉइंट्स के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई है। टीम का रनरेट (+0.27) चेन्नई के बराबर हैं। राजस्थान को अब लखनऊ और मुंबई से मुकाबले खेलने हैं। टॉप-4 में पहुंचने के लिए टीम को दोनों मैच जीतने होंगे।
- **चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली की उम्मीदें बाकी-** चेन्नई सुपर किंग्स 12 पॉइंट्स के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम को हैदराबाद और 21 मई को गुजरात से मैच खेलना है। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए सीएसके को दोनों मुकाबले जीतने होंगे।
- दिल्ली की जीत से कोलकाता नाइट राइडर्स को नुकसान हुआ है। टीम 11 पॉइंट्स के साथ 8वें स्थान पर खिसक गई हैं। कोलकाता को अब मुंबई और दिल्ली से मैच खेलने हैं। केकेआर को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दोनों मैच जीतने होंगे और दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा।
- दिल्ली कैपिटल्स 12 पॉइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं। टीम को प्लेऑफ में जाने के लिए 24 मई को कोलकाता के खिलाफ बड़े अंतर से जीतना होगा। साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों पर भी नजर रखनी होगी।
- **मुंबई और लखनऊ पहले ही बाहर-** मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स 8-8 पॉइंट्स के साथ क्रमशः नौवें और दसवें स्थान पर हैं। दोनों टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं।
- **कोहली ऑरेंज कैप में तीसरे स्थान पर पहुंचे-** गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन 13 मैचों में 554 रन के साथ ऑरेंज कैप होल्डर बने हुए हैं। शुभमन गिल 552 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। विराट कोहली पंजाब के खिलाफ पारी के बाद 542 रन के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।
- **भुवनेश्वर के पास पर्पल कैप-** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 24 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्डर हैं। गुजरात के कगिसो रबाडा 21 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चेन्नई के अंशुल कम्बोज 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर बने हुए हैं।

### आईपीएल में आज चेन्नई-हैदराबाद

## चेन्नई के लिए करो या मरो मैच हैदराबाद को में 15 बार हराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेपॉक

आईपीएल 2026 के 63वें मुकाबले में आज चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें आमने-सामने होंगी। मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम (चेपॉक) स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

प्लेऑफ की रेस में दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई फिलहाल पॉइंट्स टेबल में छठे और हैदराबाद तीसरे स्थान पर है। पिछले मैच में लखनऊ से हारने के बाद ऋतुराज गायकवाड की अगुआई वाली चेन्नई को यह मैच हर हाल में जीतना होगा। दूसरी ओर, पैट कमिंस की कप्तानी वाली हैदराबाद जीत के साथ प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग पक्की करना चाहेगी।

**दोनों टीमें 24वीं बार आमने-सामने होंगी-** दोनों टीमों के बीच अब तक 23 मैच हुए हैं। सीएसके ने 15 और एसआरएच ने 8 मैच जीते हैं। पिछले सीजन दोनों के बीच खेले गए मुकाबले में हैदराबाद जीता था। इस सीजन दोनों टीमें दूसरी बार भिड़ेंगी। हैदराबाद में खेला गया पहला मैच भी एसआरएच ने जीता था। चेन्नई का इस सीजन में सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। टीम ने आईपीएल 2026 की शुरूआत लगातार तीन हार के साथ की थी। इसके बाद चेन्नई ने वापसी करते हुए अगले 9 मैचों में 6 जीत दर्ज कर प्लेऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखा। टीम के 12 मैचों में 6 जीत और 6 हार के साथ 12 अंक हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## भारती लाइफ इंश्योरेंस में

# 75% हिस्सेदारी खरीदेगा प्रूडेंशियल, चेसिस निर्यात में भारत की बड़ी छलांग



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

प्रूडेंशियल ने रविवार को भारती लाइफ वेंचर्स और 360 वन एसेट मैनेजमेंट से भारती लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में 75 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने पर सहमति जताई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रूडेंशियल भारत में बेहतर परिचालन के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहा है। इसी कड़ी में हिस्सेदारी खरीदने का निर्णय लिया गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक प्रारंभिक नकद भुगतान 35 अरब रुपये होगा, साथ ही कुछ शर्तों पर अतिरिक्त 7 अरब रुपये देय हो सकते हैं। सौदे के बाद, प्रूडेंशियल के भारतीय परिचालन में भारती लाइफ इंश्योरेंस का बहुमत स्वामित्व होगा। इसके साथ ही, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की दो सूचीबद्ध संस्थाओं में अल्पसंख्यक हिस्सेदारी भी रहेगी। नियामक मंजूरी के लिए प्रूडेंशियल को आईसीआईसीआई प्रू लाइफ में अपनी हिस्सेदारी 10 फीसदी से कम करनी होगी। यह सौदा भारत में जीवन बीमा कारोबार का बहुमत स्वामित्व हासिल करने का एक रणनीतिक कदम है। भारती लाइफ, भारती एयरटेल और 360 वन के साथ रणनीतिक वितरण समझौतों पर भी विचार करेगा।

मोटर वाहनों के लिए इंजन लगे चेसिस के निर्यात में भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 302.3 मिलियन डॉलर (28.98 अरब रुपये) के चेसिस का निर्यात किया है। इनमें सबसे अधिक 14.43 करोड़ डॉलर के चेसिस का निर्यात खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को किया गया। भारत ने इंजन लगे वाहनों के चेसिस के निर्यात क्षेत्र में इंडोनेशिया और यूक्रेन जैसे बाजारों में पैठ बढ़ाई है, जबकि यूएई, फिलीपीन व नेपाल में भी निर्यात बढ़ा है।

## भारत में निवेश का न्योताः डच कंपनी एएसएमएल-टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने सेमीकंडक्टर पर हाथ मिलाए

# सेमीकंडक्टर बनाने का अहम समझौता हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

नीदरलैंड के द हेग में प्रधानमंत्री मोदी ने डच उद्योगपतियों के साथ 'सीईओ राउंड टेबल' बैठक की। इस दौरान डच कंपनी एएसएमएल और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच भारत में सेमीकंडक्टर बनाने का अहम समझौता हुआ। डच सीईओ2 ने भारत के आर्थिक विकास और पीएम मोदी की तारीफ की। नीदरलैंड अब यूरोप से भारत में सबसे बड़ा निवेशक बन गया है। आइए, विस्तार से जानते हैं कि वहां के सीईओ ने भारत को लेकर क्या-क्या कहा...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया भर की कंपनियों के लिए निवेश और विकास का सबसे बड़ा और प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। इसी सिलसिले में नीदरलैंड के द हेग में एक बेहद खास 'सीईओ राउंड टेबल ऑन इकोनॉमिक टाइज' (आर्थिक संबंधों पर सीईओ की गोलमेज बैठक) का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के शीर्ष डच व्यापारिक नेताओं और बड़ी कंपनियों के सीईओ के साथ सीधा संवाद किया। इस चर्चा के बाद डच उद्योग जगत के नेताओं ने न केवल भारत के तेजी से होते आर्थिक विकास की जमकर तारीफ की, बल्कि सेमीकंडक्टर, बुनियादी ढांचे और व्यापार के क्षेत्र में भारत के साथ मिलकर काम करने की अपनी गहरी इच्छा भी जाहिर की।

इस बैठक का सबसे बड़ा और अहम नतीजा यह रहा कि दुनिया की जानी-मानी डच कंपनी एएसएमएल और भारत की प्रमुख कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच सेमीकंडक्टर को लेकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत अब एएसएमएल के आधुनिक उपकरणों की मदद से भारत में ही सेमीकंडक्टर चिप्स का निर्माण किया जाएगा। यह भारत के सेमीकंडक्टर हब बनने के सपने की तरफ एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है।

**एएसएमएल के सीईओ ने भारत के सेमीकंडक्टर विजन पर क्या कहा-** डच कंपनी एएसएमएल के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टोफ फौक्वेट ने इस समझौते पर बहुत खुशी जताई। उन्होंने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ जो अहम साझेदारी हुई है, वह असल में प्रधानमंत्री मोदी की उस मजबूत इच्छाशक्ति का ही नतीजा है, जिसके तहत वे भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग को स्थापित करना चाहते हैं। फौक्वेट ने अपनी बात रखते हुए कहा कि ₹करीब एक साल पहले, पीएम मोदी ने भारत में इस उद्योग को लाने का लक्ष्य तय किया था। मैं पिछले साल सितंबर में 'सेमिकॉन इंडिया' कार्यक्रम में गया था, और वहां की योजनाओं से मैं बहुत प्रभावित हुआ था। हम इस सपने को सच करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ बहुत करीब से काम करने को लेकर बेहद खुश हैं।



### रॉटरडैम बंदरगाह के सीईओ ने पीएम मोदी की किस बात की तारीफ की?

इस खास बैठक के बाद पोर्ट ऑफ रॉटरडैम अथॉरिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बौडेविजन सिमन्स ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि जिस ऊर्जा और मजबूत इरादे के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने हम सभी को संबोधित किया, उससे वे बहुत ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सिमन्स ने यह भी कहा कि ₹मुझे पीएम मोदी की वह बात सबसे ज्यादा अच्छी लगी जब उन्होंने कहा कि 'सबसे अच्छा समय आना अभी बाकी है।' मैं उनकी इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि भारत और नीदरलैंड के बीच अपने रिश्ते, साझेदारी और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए बड़े मौके मौजूद हैं।

### बुनियादी ढांचे और व्यापार को लेकर बाकी कंपनियों की क्या राय है?

बैठक में मौजूद एपीएम टर्मिनल्स के सीईओ कीथ स्वेंडसन ने भी भारत के आर्थिक विकास के लक्ष्यों का खुलकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कंपनियों और भारत के बीच व्यापारिक रिश्ते को और भी ज्यादा मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर दस्तखत करना एक बहुत ही जरूरी कदम है। कीथ स्वेंडसन ने जानकारी देते हुए बताया कि ₹हम पिछले साल पीएम मोदी के साथ हुए अहम समझौतों पर काम कर रहे हैं। इनमें भारत में जहाज बनाना, कंटेनर बनाना और युवाओं के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलना शामिल है, ताकि भारत के युवा हमारे सेक्टर से जुड़ सकें। हम भारत के नए बुनियादी ढांचे में भी अपना पैसा लगा रहे हैं।₹

वहीं दूसरी तरफ, वोपाक कंपनी के कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ डिक रिचेल ने भी भारत में पिछले एक दशक में हुए शानदार बदलावों की जमकर तारीफ की। रिचेल ने कहा कि ₹मैं पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत में हुए इस बेहतरीन बदलाव को देखकर पूरी तरह से हैरान हूं। भारत को अभी जिस बुनियादी ढांचे की सबसे ज्यादा जरूरत है, उसमें निवेश करने और उसे मजबूत करने के लिए वोपाक जैसी कंपनी के पास कई अच्छे मौके मौजूद हैं।

वीएनओ-एनसीडब्ल्यू (नीदरलैंड उद्योग और नियोक्ता परिसंघ) के अध्यक्ष कोएन वैन ओस्ट्रॉम ने भी पीएम मोदी को एक आधुनिक नेता बताते हुए कहा कि उन्हें डच कंपनियों के बारे में बहुत अच्छी जानकारी थी और वे बिजनेस को लेकर बहुत खुले विचारों वाले हैं।

### कंपनियों के अधिकारियों से क्या बोले प्रधानमंत्री?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक में मौजूद दुनिया की सबसे इनोवेटिव कंपनियों के अधिकारियों को 'नमस्ते' कहकर संबोधित किया। उन्होंने डच कंपनियों के सीईओ का स्वागत करते हुए बताया कि आज कैसे 300 से भी ज्यादा डच कंपनियां भारत के विकास की कहानी का एक अहम हिस्सा बन चुकी हैं। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि डच कंपनियों के विजन और भारत पर उनके भरोसे की वजह से ही आज नीदरलैंड, यूरोप से भारत में निवेश करने वाला सबसे बड़ा देश और भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार (ट्रेडिंग पार्टनर) बन गया है।

- पीएम मोदी ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दोस्तों, आपकी कंपनियां भारत में सिर्फ एक जाना-माना ब्रांड ही नहीं हैं, बल्कि वे भारत और नीदरलैंड की दोस्ती की 'ब्रांड एंबेसडर' भी हैं।₹ उन्होंने बताया कि एनएक्सपी, फिलिप्स और प्रोसस जैसी डच कंपनियां भारतीय टैलेंट (प्रतिभा) के साथ मिलकर दुनिया के लिए बेहतरीन समाधान (सॉल्यूशन) तैयार कर रही हैं। इसके साथ ही एपीएम, डेमन और रॉयल वोपाक जैसी कंपनियां भारत के बंदरगाह, शिपिंग और लॉजिस्टिक सेक्टर की पूरी तस्वीर बदल रही हैं।
- प्रधानमंत्री ने विदेशी कंपनियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आज भारत के सबसे बड़े स्तर (स्केल) और स्थिरता (स्टेबिलिटी) का बहुत बड़ा प्रतीक है। उन्होंने कहा, आप सभी की बातों में भारत के प्रति जो उम्मीदें दिख रही हैं, उन्हें हकीकत में बदलना हमारी गारंटी है। हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास सबसे ज्यादा टैलेंट है। इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी या कनेक्टिविटी की बात हो, दुनिया में कोई भी भारत की स्पीड का मुकाबला नहीं कर सकता।
- पीएम मोदी ने स्थिरता के विषय पर भी विदेशी निवेशकों को अपनी नीतियों का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में, मैंने आज सेवा के 12 साल पूरे कर लिए हैं। इन 12 वर्षों में हमने लगातार सुधारों के जरिए अपनी अर्थव्यवस्था का रूप ही बदल दिया है। हमने अंतरिक्ष, खनन और परमाणु ऊर्जा जैसे हर सेक्टर को प्राइवेट कंपनियों के लिए खोल दिया है। हम व्यापार को आसान बनाने (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) के लिए लगातार काम कर रहे हैं।₹ डच कंपनियों के साथ ये सभी नए समझौते और बातचीत यह साफ इशारा करते हैं कि आने वाले समय में भारत दुनिया की एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## चंद्रशेखरन बोले- भारत बनेगा नया ग्लोबल हब


# एआई अब सिर्फ तकनीक नहीं, बना कारोबार का आधार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टीसीएस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि एआई अब व्यवसायों का बुनियादी ढांचा बन गया है। टीसीएस के द4 नतीजे, एआई से 2.3 अरब डॉलर की कमाई और भारत में पहले एआई डेटा सेंटर की योजना की पूरी रिपोर्ट पढ़ें।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब व्यवसायों के लिए सिर्फ एक अतिरिक्त तकनीकी परत नहीं रह गया है, बल्कि यह तेजी से वैश्विक उद्यमों के लिए बुनियादी ढांचा बनता जा रहा है। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कंपनी की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में यह बात कही है। एआई के दम पर शानदार वित्तीय नतीजे और नई भर्तियों में वापसी इस बात का संकेत है कि आईटी सेक्टर में बड़े बदलाव का दौर शुरू हो चुका है।

**एआई और नई तकनीक से बंपर कमाई-** चंद्रशेखरन ने बताया कि टीसीएस ने अपने ह्यूमन+एआई परेटिंग मॉडल के विस्तार में बड़ी सफलता



हासिल की है। इस मॉडल के तहत कंपनी ने एआई सेवाओं से 2.3 अरब डॉलर और नई पीढ़ी की सेवाओं (जिसमें क्लाउड, डेटा और साइबर सुरक्षा शामिल हैं) से 11.5 अरब डॉलर का सालाना राजस्व हासिल किया है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि जेनरेटिव और एजेंटिक एआई अब विकास के नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं; ग्राहक अब इसके छोटे प्रयोगों (पायलट प्रोजेक्ट्स) से आगे बढ़कर इसे अपने मुख्य कामकाज का स्थायी हिस्सा बना रहे हैं।

**भारत बनेगा एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का '+1' डेस्टिनेशन-** भविष्य की रणनीति पर जोर देते हुए टीसीएस एक सुरक्षित और संप्रभु एआई ढांचा स्थापित करने जा रही है। इसके तहत कंपनी की अहम योजनाएं इस प्रकार हैं:

**पहला एआई डेटा सेंटर:** कंपनी भारत का पहला एआई-केंद्रित डेटा सेंटर बनाने की योजना बना रही है, जिसकी 'रैक डेंसिटी' 160 किलोवाट से अधिक होगी।

**इंडस्ट्री-स्पेसिफिक एआई ओएसः** उद्योगों के लिए एक विशेष 'एआई ऑपरेटिंग सिस्टम' बनाया जाएगा, ताकि 'एजेंटिक एआई' समाधानों को तेजी से और सुचारू रूप से लागू किया जा सके।

**नया रणनीतिक हब:** चंद्रशेखरन ने बताया कि बिजली, कंप्यूटिंग क्षमता और जगह की बढ़ती वैश्विक सीमाओं के बीच, भारत दुनिया भर के एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक रणनीतिक '+1' डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है।

### वित्तीय मजबूती और रोजगार में वापसी

टीसीएस ने अपने वित्तीय वर्ष 2025-26 के शानदार नतीजे भी पेश किए हैं। मुनाफे के बढ़े हुए मार्जिन के कारण मार्च तिमाही (द4) में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 12.22 प्रतिशत के उछाल के साथ 13,718 करोड़ रुपये हो गया है। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी का शुद्ध मुनाफा 1.35 प्रतिशत बढ़कर 49,210 करोड़ रुपये रहा (जो बीते वित्त वर्ष में 48,553 करोड़ रुपये था)। इसके अलावा:

- **नए सौदेः** मार्च तिमाही में कंपनी ने 12 अरब डॉलर के नए सौदे किए, जिनमें सबसे बड़ा हिस्सा उत्तरी अमेरिका (5.4 अरब डॉलर) और बैंकिंग व वित्तीय सेवा (बीएफएसआई) क्षेत्र (2.8 अरब डॉलर) से आया है।
- **रोजगार में इजाफाः** लगातार दो तिमाहियों की गिरावट के बाद, टीसीएस ने द4 में 2,356 नए कर्मचारियों की भर्ती की है। इससे 31 मार्च 2026 तक कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या 584,519 हो गई है।

## भारत में बेरोजगारी दर छह माह के उच्च स्तर पर

# अप्रैल में 5.2 फीसदी तक पहुंची, शहरों में मामूली सुधार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत में बेरोजगारी दर छह माह के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। अप्रैल में 5.2 फीसदी पर पहुंची बेरोजगारी दर के बीच एक सकारात्मक संकेत शहरों में मामूली सुधार दर्ज किया जाना रहा। श्रम बल सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक शहरी महिलाओं की बेरोजगारी एक साल में सबसे कम पाई गई है।

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अप्रैल में बढ़कर 5.2 फीसदी हो गई। यह पिछले छह महीनों का उच्चतम स्तर है। मार्च में यह दर 5.1 फीसदी थी। इससे पहले अक्तूबर, 2025 में बेरोजगारी दर 5.2 फीसदी दर्ज की गई थी।

**केंद्र सरकार के सर्वे में 3.74 लाख+ लोग शामिल-** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मार्च के 6.8 फीसदी से घटकर अप्रैल में 6.6 फीसदी रह गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 4.3 फीसदी से बढ़कर 4.6 फीसदी हो गई। देशभर में यह सर्वे 3,74,243 लोगों से जुटाई गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है।

**महिलाओं की बेरोजगारी-** पुरुषों में बेरोजगारी अप्रैल में 5.1 फीसदी रही, जो मार्च में 5 फीसदी थी। ग्रामीण पुरुष बेरोजगारी दर 4.4 फीसदी से बढ़कर 4.7 फीसदी हो गई, जबकि शहरों में यह 6.1 फीसदी से घटकर 5.9 फीसदी पर आ गई। महिलाओं की बेरोजगारी मार्च के 5.3 फीसदी से बढ़कर 5.4 फीसदी हो गई।

**डब्ल्यूपीआर यानी कार्यरत आबादी का अनुपात-** ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी बढ़कर 4.4 फीसदी हो गई, जबकि शहरी महिला बेरोजगारी दर घटकर 8.5 फीसदी रही। यह पिछले वर्ष अप्रैल के बाद सबसे निचला स्तर है। वीमेन पार्टिसिपेशन रेशियो (डब्ल्यूपीआर) यानी कार्यरत आबादी का अनुपात अप्रैल में 52.2 फीसदी रहा, जो मार्च में 52.6 फीसदी था। शहरी क्षेत्रों में यह 46.8 फीसदी पर स्थिर रहा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में घटकर 54.9 फीसदी हो गया।

## लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज, पथराव



ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ

लखनऊ जिला कोर्ट के बाहर रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। बुलडोजर से चैंबर तोड़े जाने के विरोध में वकील भड़क गए। कई वकील बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। पुलिस अफसरों ने हटाने की कोशिश की, तो बहस होने लगी। बहस बढ़ी, तो पुलिस ने वकीलों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर लाठियां बरसाईं। इस दौरान भीड़ में से कुछ लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिसवाले भी पत्थर उठाते नजर आए।

दरअसल, हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के बाहर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। नगर निगम ने 240 अवैध निर्माण चिह्नित किए थे। इनमें ज्यादातर वकीलों के चैंबर और दुकानें हैं। रविवार सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम 10 बुलडोजर और 300 पुलिसवालों के साथ पहुंची। टीम ने करीब 90 चैंबर तोड़ दिए। नगर निगम की टीम चैंबर में लगी चटाइयां और कुर्सियां को गाड़ियों में भरकर ले गई। कार्रवाई के दौरान ही एक वकील ने चैंबर बंद कर फंदे से लटकने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बगल का चैंबर तोड़कर उसे बाहर निकाला।

साल 2020 में सदर तहसील इलाके में वकीलों के कुछ चैंबर तोड़े गए थे। इस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी सरकार से जवाब मांगा था। पूछा था कि वकीलों के लिए पुनर्वास की क्या व्यवस्था की गई? इसके बाद अक्टूबर- 2025 में लखनऊ सिविल कोर्ट परिसर में सेंट्रल बार एसोसिएशन से जुड़े कुछ वकीलों के अस्थायी चैंबर प्रशासन ने तोड़ दिए। इसका वकीलों ने विरोध किया था।

जनवरी- 2026 में कोर्ट परिसर के बाहर अवैध कब्जों को लेकर लगातार शिकायतें आने लगीं। इसी दौरान वकील सुनीता सिंह समेत अन्य लोगों ने चैंबरों और अतिक्रमण को लेकर कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं।

### बिहार में स्कूल प्रेयर के दौरान 27 छात्राएं बेहोश

# यूपी का बांदा सबसे गर्म, 46.4 डिग्री तापमान, मप्र, राजस्थान के 22 शहरों में पारा 43 डिग्री पार





ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के कई राज्य भीषण गर्मी से तप रहे हैं। उत्तर प्रदेश का बांदा रविवार को 46.4 डिग्री तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। झांसी में 44.6 डिग्री और प्रयागराज में 44.5 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ। राजधानी लखनऊ में 41.6 डिग्री तापमान रहा, जो सामान्य से 1.4 डिग्री ज्यादा है। मध्य प्रदेश के 15 और राजस्थान के 7 शहरों में पारा 43 डिग्री के ऊपर रहा। मध्यप्रदेश में खंडवा 44.5 डिग्री के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान में इस हफ्ते तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। कुछ इलाकों में पारा 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। इधर, बिहार में दो तरह का मौसम है। कई जिलों में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं, वहीं कुछ जगह बारिश हो रही है। शेखपुरा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शनिवार शाम प्रेयर के दौरान 27 छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं। सभी को शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अगले दो दिन के मौसम का हाल

**19 मई:** उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर भी लू चलने की आशंका है। असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी में कुछ जगहों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं चलेंगी। झारखंड में कुछ जगहों पर 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। अरुणाचल प्रदेश में बिजली गिरने की आशंका है।

**20 मई:** उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और महाराष्ट्र में हीटवव की आशंका है। आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, केरल, ओडिशा और तमिलनाडु में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने और बारिश का अनुमान है।

| शहर | तापमान | शहर | तापमान |
|---|---|---|---|
| जयपुर | 43° | देहरादून | 38° |
| लखनऊ | 43° | दिल्ली | 45° |
| भोपाल | 42° | मुंबई | 34° |
| पटना | 41° | अहमदाबाद | 43° |
| रायपुर | 42° | कोलकाता | 37° |
| रांची | 37° | चेन्नई | 37° |
| चंडीगढ़ | 41° | बेंगलुरु | 33° |
| शिमला | 30° | हैदराबाद | 41° |

### महाराष्ट्र का अमरावती-वर्धा देश में सबसे गर्म, तापमान 46 डिग्री



पश्चिम में राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र-विदर्भ से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन इलाकों में पारा लगातार 40त्उ से ऊपर चल रहा है। दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के अमरावती और वर्धा देश के सबसे गर्म शहर रहे। दोनों शहरों का तापमान 46त्उ रिकॉर्ड हुआ। यूपी के बांदा, मध्य प्रदेश का नौगांव और खंडवा में भी पारा 44त्उ से ज्यादा रहा। इधर, गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास बनी जंगल सफारी (सरदार पटेल जूलॉजिकल पार्क) में जानवरों और पक्षियों के लिए अउ, कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। वडोदरा के सायाजीबाग जूलॉजिकल पार्क ने जानवरों और पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए ठंडक के कई इंतजाम किए हैं। इनमें पानी का छिड़काव, बर्फ के टुकड़े, फॉगर शामिल हैं। राजस्थान में शनिवार को गर्मी सामान्य रही। अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान सामान्य या उससे थोड़ा नीचे दर्ज हुआ। सीकर, हनुमानगढ़, जालोर, सिरोही में तापमान 40 डिग्री सेल्सिसस से नीचे रहा। बीकानेर, चूरू, बाड़मेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेलिसयस के बीच दर्ज हुआ।

### ममता बोलीं- बंगाल बुलडोजर राजनीति में यकीन नहीं करता

# कोलकाता में पुलिस पर पथराव, 3 जवान घायल



ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

कोलकाता में रविवार को पार्त सर्कस इलाके में अतिक्रमण हटाने के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस पर पथराव भी हुआ, जिसमें 3 पुलिसकर्मी घायल हो गई। सुरक्षा बलों के वाहनों में तोड़फोड़ भी की गई। पार्क सर्कस सेवन प्वाइंट क्रॉसिंग के पास बड़ी संख्या में लोग एंटी-एन्क्रोचमेंट ड्राइव के विरोध में जुटे थे। उन्होंने सड़क जाम करने की कोशिश की। पुलिस जब भीड़ को हटाने पहुंची, तो पथराव शुरू हो गया।

कोलकाता पुलिस के एडिशनल कमिश्नर आशेष बिस्वास ने कहा- कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। बाकी की पहचान की जा रही है।

रअसल, कोलकाता के तिलजला इलाके में पिछले हफ्ते एक फैक्ट्री में आग लगने से 2 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद प्रशासन ने इलाके में अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाया। पार्क सर्कस में जुटे लोग इसी कार्रवाई का विरोध कर रहे थे। पूर्व सीएम और ळटउ प्रमुख बनर्जी ने पर लिखा- बंगाल बुलडोजर राजनीति में यकीन नहीं करता। टैगोर और नेताजी की धरती पर आम नागरिकों के खिलाफ डर, बल और तोड़फोड़ के जरिए शासन नहीं चलाया जा सकता।

उन्होंने कहा कि घरों से लेकर फेरीवालों के ठेलों तक, गरीब राजनीतिक अहंकार की कीमत चुका रहे हैं। आज जो हो रहा है, वह उन लोगों की जिंदगी पर हमला है। सरकार इंसानों से ज्यादा दिखावे की परवाह कर रही है।

CPI महासचिव डी राजा ने कहा कि बंगाल में बहुत कुछ हो रहा है। हमने चुनाव बाद हिंसा देखी। अब बुलडोजर का इस्तेमाल देखा। चुनाव खत्म हो चुके हैं। लोगों ने जो जनादेश दिया है, उसी के मुताबिक सरकार को काम करना होगा। उन्होंने कहा कि BJP को अपनी सत्ता का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। जो भी किया जाए, वह संविधान के अनुरूप हो और संवैधानिक मयार्दा बनी रहे।

हावड़ा में बुलडोजर कार्रवाई पर BJP विधायक भास्कर भट्टाचार्य ने कहा कि बुलडोजर सिर्फ घरों पर नहीं, नीतियों पर भी चलता है। यह TMC की गलत प्रथाओं के खिलाफ इस्तेमाल हो रहा है और कानून के तहत ही होगा।

### 2 दिन पहले आसनसोल में पुलिस चौकी पर पथराव हुआ था

बंगाल के आसनसोल में लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद 15 मई की रात भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया था। पुलिस ने जवाब में लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी।

### मुंबई के धारावी में मिल में आग लगी, 12 फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई



मुंबई के धारावी इलाके में स्थित अशोक मिल कंपाउंड में रविवार रात को आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की गई। अब तक इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। आग लगने की वजह का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

### पुजारियों-कर्मचारियों की सैलरी समीक्षा पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

राज्य नियंत्रण वाले मंदिरों के पुजारियों, सेवादारों और कर्मचारियों के वेतन व सुविधाओं की समीक्षा की मांग पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में केंद्र और राज्य सरकारों को न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें पुजारियों और मंदिर स्टाफ को वेज कोड, 2019 के तहत कर्मचारी घोषित करने की भी मांग है। याचिका में कहा गया है कि जब राज्य मंदिरों का प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण संभालता है, तो नियोक्ता-कर्मचारी संबंध बनता है। ऐसे में सम्मानजनक वेतन न देना आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है।

## एनरिच्ड यूरेनियम सौंपे, जब्त प्रॉपर्टी का 25% ही वापस मिलेगा

# रिपोर्ट- अमेरिका की जंग खत्म करने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प की 5 शर्तें: ईरान को मुआवजा नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका ने ईरान के साथ शांति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए पांच बड़ी शर्तें रखी हैं। ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने यह दावा किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ईरान को बमबारी से हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। साथ ही उसने मांग की है कि ईरान अपने 400 किलोग्राम एनरिच्ड यूरेनियम को अमेरिका को सौंपे। अमेरिका की एक और शर्त यह बताई गई है कि ईरान में सिर्फ एक परमाणु सेंटर ही चालू रहना चाहिए। इसके अलावा, अमेरिका ईरान की फ्रीज हुई विदेशी संपत्तियों में से 25% से ज्यादा रकम जारी करने के पक्ष में नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, वॉशिंगटन चाहता है कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करने का मुद्दा बातचीत के जरिए हल किया जाए। हालांकि इन शर्तों पर अभी तक अमेरिका या ईरान की तरफ से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहर ड्रोन हमले के बाद आग लग गई। शुरुआती जांच में ईरान पर शक जताया जा रहा है। यह पहली बार है जब वअए के न्यूक्लियर प्लांट को निशाना बनाया गया। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला छब्त्र टैंकर सिमी 20 हजार टन गैस लेकर कांडला पोर्ट पहुंचा। जंग शुरू होने के बाद अब तक 15 छब्त्र जहाज भारत पहुंच चुके हैं।

UN में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में कॉमर्शियल शिपिंग रोकना अस्वीकार्य है। ईरान 20 साल परमाणु कार्यक्रम रोकेः ट्रम्प ने पहली बार स्थायी रोक के बजाय 20 साल के लिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सस्पेंड करने की बात कही। साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि उसका समय तेजी से खत्म हो रहा है।

संघर्ष विराम बढ़ने के बावजूद इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में 30 से ज्यादा हमले किए। हजारों लोग पलायन कर रहे हैं।

### पूर्व अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- नेतन्याहू 2009 से ईरान पर हमले की पैरवी कर रहे


अमेरिका के पूर्व रक्षा मंत्री और उक्छ प्रमुख रॉबर्ट गेट्स ने दावा किया है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू 2009 से ही ईरान पर सैन्य हमले की वकालत कर रहे थे। गेट्स के मुताबिक, नेतन्याहू का मानना था कि हमला होते ही ईरानी सरकार गिर जाएगी।

कार्यक्रम फेस द नेशन में गेट्स ने बताया कि जुलाई 2009 में नेतन्याहू ने उनसे कहा था कि ईरानी शासन कमजोर है और पहले ही हमले में ढह जाएगा। गेट्स ने कहा कि उन्होंने उस समय नेतन्याहू से साफ कहा था कि वे पूरी तरह गलत हैं और ईरानी लोगों की मजबूती को कम आंक रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री ने कहा कि नेतन्याहू की सोच पर इजराइल के पुराने सैन्य अभियानों का असर था। उन्होंने 1981 में इराक के ओसिराक परमाणु रिएक्टर और 2007 में सीरिया की परमाणु सुविधा पर इजराइली हमलों का जिक्र किया।

गेट्स के मुताबिक, इन हमलों में इजराइल को सीमित जवाब मिला था, जिससे इजराइल में यह धारणा बनी कि ईरान भी दूसरे देशों की तरह सीमित जवाब ही देगा।

### ट्रम्प ने अमेरिकी झंडे के साथ मिडिल-ईस्ट का नक्शा पोस्ट किया

ट्रम्प ने मिडिल-ईस्ट का नक्शा अमेरिकी झंडे के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया है। ईरान जंग के बीच उनकी इस पोस्ट को लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि ट्रम्प ने पोस्ट के साथ कोई बयान नहीं लिखा। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तंज कसते हुए फिल्म ह्यद अप्रेंटिसह्न का एक वीडियो शेयर किया है। यह फिल्म ट्रम्प के शुरुआती करियर पर आधारित है। वीडियो में ट्रम्प के मेंटर रॉय कोहन जीतने के नियम बताते नजर आते हैं। इसमें कहा गया है, चाहे कुछ भी हो, जीत का दावा करो और कभी हार मत मानो।



## अमेरिका में EA-18G दो फाइटर जेट क्रैश

### एयर शो के दौरान हवा में टकराए, कुछ सेकेंड पहले 4 क्रू मेंबर सुरक्षित निकले



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका में रविवार को दो EA-18G ग्रोलर फाइटर जेट क्रैश हो गए। हादसा इडाहो स्थित माउंटेन होम एयरफोर्स बेस पर एयर शो के दौरान हुआ। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक दोनों विमानों में सवार सभी 4 क्रू मेंबर हादसे से कुछ सेकेंड पहले सुरक्षित बाहर निकल गए। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में भी चार पैराशूट दिखे हैं। माउंटेन होम एयरफोर्स बेस के प्रवक्ता ने कहा कि हादसे के तुरंत बाद एयरफोर्स बेस को लॉकडाउन कर दिया गया। दिन के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। इमरजेंसी रिस्पॉन्डर्स मौके पर हैं और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

### पायलट की गलती की आशंका

एविएशन सेफ्टी एक्सपर्ट जेफ गुजेट्टी के मुताबिक मिड-एयर टक्कर में आमतौर पर बाहर निकलने (इजेक्ट) होने का मौका नहीं मिलता। इस मामले में दोनों विमान टकराने के बाद कुछ देर तक जुड़े रहे, जिससे क्रू को बाहर निकलने का समय मिल गया। अमेरिकी मौसम विभाग के मुताबिक हादसे के वक्त मौसम साफ था और विजिबिलिटी अच्छी थी। शुरुआती तौर पर यह पायलटिंग एरर लग रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद होगी।

**8 साल बाद हो रहा था एयर शो-** गनफाइटर स्काइज एयर शो 8 साल बाद हो रहा था। सैन्य विमानों के प्रदर्शन और एरियल डेमोंस्ट्रेशन देखने के लिए हजारों लोग पहुंचे थे। इसकी तैयारी करीब 2 साल से चल रही थी। इस हादसे ने माउंटेन होम एयर शो के पुराने हादसों की याद भी ताजा कर दी। 2018 में यहां एक हैंग ग्लाइडर पायलट रनवे पर क्रैश में मारा गया था।



# ईरान के बाद क्यूबा पर अमेरिकी हमले का खतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जॉन रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। उठव की रिपोर्ट के मुताबिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है। क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो की पूरी आबादी की लड़ाई की रणनीति के तहत गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा है। कुछ वीडियो में सैनिक पुराने सोवियत हथियारों के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। एक वीडियो में एंटी-एयरक्राफ्ट गन को बैलों से खींचते हुए भी दिखाया गया।

# मेक्सिको में 10 लोगों की गोली मारकर हत्या, इनमें 3 महिलाएं और एक बच्चा, हमलावर फरार;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेक्सिको

मेक्सिको के प्यूब्ला राज्य के तेहुइत्जिंगो में रविवार को 10 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, हत्या घर में घुसकर की गई। मरन वालों में 6 पुरुष, 3 महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, पड़ोसियों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कई लोग गोली लगने से घायल मिले। एक महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

तेहुइत्जिंगो करीब 11,300 आबादी वाला शहर है, जो मेक्सिको सिटी से लगभग 208' पर है। मेक्सिको 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप की सह-मेजबानी करने जा रहा है। मेक्सिको सिटी, मॉन्टेरी और ग्वाडलहारा में 13 मैच खेले जाएंगे। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम 1 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का ऐलान कर चुकी हैं। प्यूब्ला सरकार ने कहा कि पीड़ितों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। अब तक किसी गिरफ्तारी की जानकारी नहीं दी गई है। हमले की वजह भी साफ नहीं है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। प्यूब्ला के गवर्नर अलेजांद्रो अर्मेंटा ने भी अब तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मामले की जांच में नेशनल गार्ड, राज्य का अटॉर्नी जनरल ऑफिस, राज्य और स्थानीय पुलिस के साथ इंटेलिजेंस टीमें भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमले के पीछे कौन है, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मध्य मेक्सिको में हाल के महीनों में ड्रग कार्टेल से जुड़ी हिंसा बढ़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके चलते 800 से 1,000 परिवार घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।



### यूक्रेन का रूस पर 1000 ड्रोन से हमला

यूक्रेन ने शनिवार रात रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 1 भारतीय भी शामिल है।

रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं। अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की। अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले में मॉस्को में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मॉस्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। कीव इंडिपेंडेंस की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने मॉस्को में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मॉस्को ऑयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडार्स्कोये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | झे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | चि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | रा | र | अ | प | श |
| य | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...


0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान मिला सुल्तान हैथम ने सम्मानित किया



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान मिला है। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। इससे पहले दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। इस पर नवंबर 2023 में बातचीत शुरू हुई थी।**



## भारत-ओमान के बीच CEPA एग्रीमेंट

कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट

**मकसद:** आर्थिक साझेदारी मजबूत करना

गुड्स, सर्विस और इन्वेस्टमेंट शामिल

पेशेवर लोगों को राहत और सुविधाएं

**भारत का 4 देशों के साथ CEPA समझौता**

साउथ कोरिया | जापान | मॉरीशस | UAE

## CEPA और FTA में अंतर

फ्री ट्रेड एग्रीमेंट( FTA)

**मकसद:** व्यापार आसान करना

कस्टम ड्यूटी को कम करना या खत्म करना

**भारत का 14 देशों के साथ FTA समझौता**

### मोदी ने बिजनेस समिट को संबोधित किया

मस्कट में भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए मोदी ने दोनों देशों के मजबूत रिश्तों की सराहना की। उन्होंने स्टार्टअप से भी अपील की कि वे भारत में निवेश करें, नए प्रयोग करें और भारत-ओमान के साथ मिलकर आगे बढ़ें।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आज हम एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीईपीए 21वीं सदी में हमें नया भरोसा और नई ऊर्जा देगा। यह हमारे साझा भविष्य का खाका है। इससे हमारे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, निवेश को नया आत्मविश्वास मिलेगा और हर क्षेत्र में नए अवसरों के दरवाजे खुलेंगे।

### सऊदी-हूती के बीच डील ब्रेक करा चुके हैथम

ओमान को अरब जगत का स्विट्जरलैंड कहा जाता है और इसके पीछे है सुल्तान हैथम की कूटनीति। अमेरिका-ईरान, इजराइल-हमास संघर्ष में भी सुल्तान हैथम पर्दे के पीछे समाधान की राह बनाते रहे हैं। यमन संकट में भी ओमान एकमात्र खाड़ी देश है जो तटस्थ रहा और 25 हजार से अधिक यमनी शरणार्थियों को शरण दी। सऊदी अरब और हूती विद्रोहियों के बीच भी 2023 में मस्कट में डील ब्रेक कराई थी।



### दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सुपरयॉट के मालिक सुल्तान हैथम

ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक (70) दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सुपरयॉट (164 मीटर) के मालिक हैं। यॉट फलक अल सलामह की कीमत 4500 करोड़ रु. है। शाही सुविधाओं से लैस इस यॉट के रखरखाव में सालाना 451 करोड़ रु. खर्च होते हैं।



### मोदी बोले- ओमान से दोस्ती नहीं बदलेगी

ओमान पहुंचे पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि कितने भी मौसम बदल जाएं लेकिन भारत से उनकी दोस्ती नहीं बदलेगी। उन्होंने राजधानी मस्कट में भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित किया। उन्होंने प्रवासी भारतीयों की तारीफ करते हुए कहा कि वे जहां भी जाते हैं, वहां की विविधता की तारीफ करते हैं। पीएम मोदी बुधवार शाम को ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैयद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने मोदी का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने औपचारिक बातचीत भी की। रात में सईद ने पीएम मोदी के लिए डिनर भी रखा।

### सीलबंद लिफाफे से हैथम का नाम तय हुआ

हैथम के सत्ता में आने की कहानी किसी राजनीतिक थ्रिलर से कम नहीं है। ओमान के पूर्व सुल्तान कबूस की कोई संतान नहीं थी और उनके निधन के बाद पूरा देश अगले शासक के नाम का इंतजार कर रहा था।

जनवरी 2020 में शाही महल में एक सीलबंद लाल लिफाफा खोला गया। उसमें कबूस ने उत्तराधिकारी के रूप में चचेरे भाई हैथम का नाम लिखा था।

## मोदी को 2025 में 9 नागरिक सम्मान



**मॉरीशस**
12 मार्च 2025
ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओसियन



**श्रीलंका**
5 अप्रैल 2025
मित्र विभूषण



**साइप्रस**
16 जून 2025
ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस



**घाना**
3 जुलाई 2025
ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना



**त्रिनिदाद और टोबैगो**
4 जुलाई 2025
ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो



**ब्राजील**
8 जुलाई 2025
ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस



**नामीबिया**
9 जुलाई 2025
ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशेंट वेल्विट्शिया मिराबिलिस



**इथियोपिया**
16 दिसंबर 2025
ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया



**ओमान**
18 दिसंबर 2025
ऑर्डर ऑफ ओमान

*नोट- मोदी को 9 साल में 29 देश नागरिक सम्मान से नवाज चुके हैं।*

■ वर्ष-12 अंक-194 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 18 मई, 2026

सुभाषितानि

अपूर्वः कोऽपि कोशोड्यं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धि मायाति क्षयमायाति सञ्चयात्।।

**भावार्थ** : हे सरस्वती! आपका खजाना वास्तव में अवर्णनीय है; यह खर्च के साथ बढ़ता है और संभालने से घटता है।

न चोरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम्।।

**भावार्थ** : ज्ञान का धन कोई चुरा नहीं सकता, राजा उसे नहीं ले सकता, वह भाइयों में बाँटा नहीं जाता, बोझ नहीं होता, खर्च करने से बढ़ता है। वास्तव में शिक्षा ही धन है।


## सम्पादकीयम्

### दृश्यमानरूपेण विशालजनसमूहस्य

पुनः समाना त्रुटिः : नालन्दायाः शीतलमातामन्दिरस्य भगदड़स्य समानलिपिः बिहारस्य नालन्दामण्डलस्य शीतलमातामन्दिरे प्रार्थनासमागमस्य समये घटिते भगदड़ेन न्यूनातिन्यूनं नवजनाः प्राणान् त्यक्तवन्तः। राज्यसर्वकारेण मृतानां परिवारेभ्यः ६ लक्षरूप्यकाणां अनुग्रहदानस्य घोषणा कृता अस्ति। परन्तु एताः पुनरावर्तनीयाः त्रासदीः देशे सर्वकाराणां प्रशासनिकसंस्थानां च भीडप्रबन्धनक्षमतायाः विषये गम्भीरान् प्रश्नान् उत्थापयन्ति। बिहारस्य नालण्डानगरस्य शीतलमातामन्दिरस्य भगदड़स्य व्याख्यानार्थं एतावता नूतनं वा अद्वितीयं वा कारणं न उद्धृतम्। अतिजनसङ्ख्या, संकीर्णस्थानानि, अफवाः, तदनन्तरं अराजकता च- एषामेव आपदालिपिः देशे सर्वत्र बहुवारं क्रीडिता अस्ति। अभवत् तस्मिन् अष्टभक्ताः प्राणान् त्यक्तवन्तः, येषु अधिकांशः महिलाः आसन्। अपर्याप्तव्यवस्थाः- प्रत्यक्षदर्शिनां मते महावीरजयन्त्यस्य संगमस्य कारणेन, मंगलवासरः इति तथ्यं च असाधारणतया विशालः आसीत् तथापि अस्य जनसमूहस्य प्रबन्धनार्थं कृताः व्यवस्थाः दुःखदरूपेण अपर्याप्ताः आसन्। एकस्मिन् समये एकः बाधा पतितः इति समाचाराः सूचयन्ति, येन जनानां पादः, नियन्त्रणं च नष्टम् अभवत्। दृश्यमानरूपेण विशालजनसमूहस्य अभावेऽपि पर्याप्तव्यवस्था न कृता इति दावान् कृत्वा भक्ताः मन्दिरप्रबन्धनस्य, पुलिसस्य च विरुद्धं आरोपं कृतवन्तः।

निर्णये उक्तं यत् प्रश्ने मूर्तिः अम्बिकां प्रतिनिधियति इति

# कल्प्यते चेदपि एतेन सम्पूर्णं विवादास्पदं परिसरं जैनमन्दिरम्



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

मूर्तिसृष्टेः वर्णनं कृतम् अस्ति। याचिकायां ततः परं प्रतिपादितं यत् भोजशालायाः वास्तुकला राजस्थानस्य आबूपर्वते स्थितानां जैनमन्दिराणां सादृश्यं धारयति, तत्र जैनसमुदायस्य पूजायाः अधिकारः दातव्यः इति। परन्तु न्यायालयः एतत् दावं स्वीकुर्वितुं अनागतवान्। निर्णये उक्तं यत् प्रश्ने मूर्तिः अम्बिकां प्रतिनिधियति इति कल्प्यते चेदपि एतेन सम्पूर्णं विवादास्पदं परिसरं जैनमन्दिरम् इति सिद्धं न भवति न्यायालयेन अवलोकितं यत्, ऐतिहासिक-पुरातत्त्वीय-एएसआई-सर्वक्षणयोः कुत्रापि विवादितक्षेत्रं जैनमन्दिरम् इति किमपि संकेतं न दृश्यते इति। न्यायालयेन स्पष्टतया उक्तं यत् केवलं एकस्याः मूर्तिस्य स्वरूपस्य आधारेण सम्पूर्णस्य परिसरस्य धार्मिकपरिचयः निर्धारयितुं न शक्यते।

न्यायालयेन स्वस्य निर्णये अन्यत् महत्त्वपूर्णं अवलोकनं कृत्वा अवलोकितं यत् जैनधर्मस्य विकासः भारतीयसांस्कृतिकपरम्परायाः अन्तः हिन्दुधर्मस्य शाखारूपेण अभवत्। हिन्दुविवाहकानूनस्य १९५५ तमे वर्षे हिन्दुउत्तराधिकारकानूनस्य १९५६ तमे वर्षे च धाराः उद्धृत्य न्यायालयेन सूचितं यत् एतेषु विधानेषु जैन-बौद्ध-समुदायस्य वर्गीकरणं हिन्दु-गुच्छस्य अन्तः भवति इति न्यायालयेन अपि टिप्पणी कृता यत् हिन्दु-जैन-परम्पराभिः सह साझाः असंख्याकाः देवताः प्रतीकाः च दृष्ट्वा हिन्दुमन्दिरसङ्कुलस्य अन्तः जैनमूर्तीनां उपस्थितिः असामान्यं न गणयितुं शक्यते। न्यायालयेन वाग्देवीमूर्तिं परितः गणेश-दुर्गा-आकृतीनां उपस्थितिः अपि अवलोकिता, ये हिन्दुपरम्परायाः स्पष्टसूचकरूपेण कार्यं कुर्वन्ति निर्णये उक्तं यत् मूर्तिपृष्ठे जैनतीर्थंकरस्य तपस्विनः वा आकृतिः केवलं सांस्कृतिकसहजीवनस्य उदाहरणं भवितुमर्हति, मन्दिरस्य मौलिकचरित्रे परिवर्तनं न करोति।

श्रवणसमये हिन्दुपक्षस्य प्रतिनिधित्वेन वरिष्ठा अधिवक्ता विष्णुशङ्करजैनः तर्कयति स्म यत् भोजशाला संस्कृताध्ययनस्य सरस्वतीदेव्याः पूजायाः च प्रमुखकेन्द्रम् अस्ति, यस्याः स्थापना राजा भोजः आसीत्। सः तर्कयति स्म यत् मुस्लिम-आक्रमणकाले अस्य मन्दिरस्य क्षतिः अभवत्, तदनन्तरं मस्जिदरूपेण चित्रयितुं प्रयत्नाः कृताः। ए.एस.आइ प्रतिवेदनम्, ऐतिहासिकपत्रिकाः, संस्कृतशिलालेखाः, पुरातत्त्वसाक्ष्यं च न्यायालयस्य समक्षं प्रस्तुतम्।

राष्ट्रपतिः शी जिनपिङ्ग

# ट्रम्पस्य निज-आधिकारिक-आवासीय-सङ्कुलं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

राष्ट्रपतिः शी जिनपिङ्ग ट्रम्पस्य निज-आधिकारिक-आवासीय-सङ्कुलं प्रति अनुसृत्य, यत्र ते उद्यानानि ऐतिहासिक-स्थलानि च भ्रमितवन्तः। तत्र दृष्टैः विशालैः सुन्दरैः गुलाबैः ट्रम्पः अतीव प्रभावितः इति ज्ञातम्। भ्रमणकाले सः अवदत् यत् एतादृशाः उत्तमाः गुलाबाः पूर्वं कदापि न दृष्टाः। लघुहृदयेन ट्रम्पः शी जिन्पिङ्ग इत्यनेन पृष्टवान् यत् एते गुलाबाः व्हाइट हाउस् गुलाब उद्यानं प्रति प्रेषयितुं शक्यन्ते वा इति।

तस्य प्रतिक्रियारूपेण शी जिनपिङ्गः चीनीयगुलाबस्य बीजानि ट्रम्पं प्रेषयितुं सहमतः अभवत्-विशेषतः इति। भ्रमणकाले उपस्थितः एकः अनुवादकः अवदत् यत् चीनदेशस्य राष्ट्रपतिः अमेरिकीराष्ट्रपतिं स्वयमेव चीनीयगुलाबबीजानि प्रदास्यति येन तेषां रोपणं व्हाइट हाउसगुलाब उद्याने कर्तुं शक्यते। स्वस्य आनन्दं प्रकटयन् ट्रम्पः अवदत् यत् सः विचारं सर्वथा प्रेम्णा पश्यति। राजनैतिकविश्लेषकाः मन्यन्ते यत् एतत् प्रतीकात्मकं दानं केवलं उद्यानशास्त्रे एव सीमितं नास्ति; अपितु चीनदेशस्य कूटनीतिकसन्देशः इति अपि व्याख्या क्रियते। यद्यपि भ्रमणस्य आरम्भिकदिनेषु प्रोटोकॉल-प्रोटोकॉल-सम्बद्धाः प्रश्नाः उत्थापिताः आसन् तथापि समापनसमये प्रदत्ताः विशेषसम्मानाः-निजीपरिसरस्य भ्रमणं च सहितम्-सम्बन्धेषु पिघलनस्य चिह्नरूपेण व्याख्या क्रियते। चीन-अमेरिका-देशयोः मध्ये व्यापार-प्रौद्योगिक्याः, सुरक्षा-वैश्विक-राजनीति-क्षेत्रेषु चिरकालात् तनावाः सन्ति। अस्याः पृष्ठभूमितः ट्रम्पस्य शी जिनपिङ्गस्य च मिलनं अन्तर्राष्ट्रीयराजनीतेः क्षेत्रे अत्यन्तं महत्त्वपूर्णं इति गण्यते।

# दुर्गन्धस्य च प्रसारः जातः, येन स्थानीयनिवासिनः जीवनं दुःखदं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

खाद्यपदार्थानि सज्जीकर्तुं आरब्धा। मुक्तक्षेत्रे भोजनस्य पाकस्य कारणेन सम्पूर्णे क्षेत्रे मलिनतायाः, दुर्गन्धस्य च प्रसारः जातः, येन स्थानीयनिवासिनः जीवनं दुःखदं जातम्। अस्याः अस्वच्छस्थितेः विरुद्धं स्थानीयवासिनः दृढतया विरोधं कृत्वा प्रशासनात् तत्कालं हस्तक्षेपस्य आग्रहं कृतवन्तः आसन्। एतेषां जनमागधानां प्रतिक्रियारूपेण एव खाद्यविभागेन एतत् निर्णायकं पदं स्वीकृतम्। घरेलुसिलिण्डरस्य अवैधप्रयोगः खाद्यविभागेन अस्मिन् कार्ये अन्यत् गम्भीरं प्रमादस्य उदाहरणं प्रकाशितम्। व्यावसायिकप्रयोजनार्थं सुविधायां घरेलु-एलपीजी-सिलिण्डराणां उपयोगः अन्धविवेकीरूपेण क्रियमाणः आसीत्-एषा प्रथा नियमैः सख्यं निषिद्धा आसीत्। खाद्यविभागस्य दलेन स्थले आविष्कृतानां सवेषां अनियमितानां विस्तृतं अभिलेखं निर्मितम् अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : नौकरी में मेहनत का फायदा मिलेगा। कारोबार में भी थोड़ा सुधार देखने को मिल सकता है।

**वृषभ** : नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में भी फायदा होने के योग हैं। पार्टनर के साथ रिश्ता अच्छा रहेगा।

**मिथुन** : परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी और कारोबार में फायदा मिलने के संकेत हैं। खर्च भी बने रहेंगे।

**कर्क** : परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। पैसों की स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह** : परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में छोटी बातों को लेकर बहस हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** : मेहनत का फायदा मिलेगा। परिवार में खुशी बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**तुला** : परिवार और पार्टनर का साथ मिलेगा। व्यापार में फायदा होने के योग हैं। सेहत सामान्य रहेगी।

**वृश्चिक** : कुछ कामों में देरी हो सकती है। पैसों को लेकर सोच-समझकर फैसला लें। सेहत को लेकर लापरवाही न करें।

**धनु** : रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। मानसिक तनाव कम होगा।

**मकर** : परिवार का साथ रहेगा। खर्च सोच-समझकर करें। सेहत को लेकर सावधानी रखें।

**कुंभ** : आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। आज काम पर फोकस करने की सलाह दी जाती है।

**मीन** : नौकरी में दबाव महसूस हो सकता है। पैसों के मामलों में सावधानी रखें। सेहत का ध्यान रखना जरूरी रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध के उदय होने से इन राशि वालों की बढ़ेगी टेंशन, नौकरी-व्यापार में आ सकती हैं दिक्कतें

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, बुध के उदित होते ही कई लोगों के जीवन में बदलाव देखने को मिल सकते हैं, क्योंकि इसका असर सबसे ज्यादा व्यापार, संवाद, रिश्तों और कार्यक्षेत्र पर देखने को मिल सकता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब बुध ग्रह की स्थिति बदलती है, तो उसका सीधा असर व्यक्ति की सोच, बोलचाल, करियर और आर्थिक मामलों पर देखने को मिलता है। इस दौरान जहां कुछ राशियों को लाभ, तो कुछ की परेशानियां बढ़ने लगती हैं। वहीं बुध अब जल्द उदय होने वाले हैं, जो ज्योतिष शास्त्र की महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। बता दें, 26 मई 2026 को रात 11 बजकर 19 मिनट पर बुध ग्रह वृषभ राशि में उदित होने जा रहे हैं। बुध का उदित होना जहां कुछ राशियों के लिए नई संभावनाएं और सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। वहीं कुछ लोगों के जीवन



में मानसिक तनाव, भ्रम और निर्णयों में अस्थिरता भी बढ़ा सकता है। इसलिए कुछ राशियों को बेहद सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत होगी। आइए इनके बारे में जानते हैं।

**मिथुन राशि-** बुध आपकी ही राशि के स्वामी माने जाते हैं, इसलिए उनका उदित होना आपके मन और सोच पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। इस दौरान आत्मविश्वास में थोड़ी कमी महसूस हो सकती है, जिस कारण आप छोटे-छोटे फैसलों को लेकर भी असमंजस में रह सकते हैं। कार्यस्थल पर किसी की बातों में आकर निर्णय लेना नुकसानदायक साबित हो सकता है। किसी भी यात्रा पर जाने से पहले विचार करें। आर्थिक मामलों में भी जल्दबाजी से बचना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए बुध का उदय थोड़ा चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। कारोबार और नौकरी दोनों में दबाव बढ़ने के संकेत हैं। काम का बोझ मानसिक थकान बढ़ा सकता है, जिससे चिड़चिड़ापन भी महसूस हो सकता है। इस दौरान सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। किसी भी निवेश या बड़े फैसले को फिलहाल टालना ही समझदारी हो सकती है। अपनों से अनबन हो सकती हैं।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों को बुध उदित के दौरान बेहद संतुलित व्यवहार रखने की जरूरत होगी। नए काम की शुरूआत या बड़ा निवेश करने से पहले हर पहलू को अच्छी तरह समझ लें। रिश्तों में गलतफहमियां बढ़ सकती हैं, परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। यह समय धैर्य और समझदारी से आगे बढ़ने का है। हालांकि, धैर्य रखने से धीरे-धीरे परिस्थितियां आपके पक्ष में आती नजर आएंगी।

## खबर एक नजर...

### चालक ने बिना संकेतक बीच में खड़ा किया था ट्रक

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के उन्हेल-उज्जैन मार्ग पर ग्राम सोडंग में खड़े ट्रक से कार टकरा गई। कार में सवार सोनू पिता देवकरण वर्मा 32 साल निवासी सिहोर घायल हो गया। पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराया। घटनाक्रम में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके चलते भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया था। 3 दिनों बाद सामने आया कि चालक ने बिना संकेतक ट्रक को बीच रास्ते में खड़ा किया था। जिसके चलते दुर्घटना हुई है। ट्रक चालक के खिलाफ घायल के रिश्तेदार प्रीतम पिता सुनील पटेल की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### शराब के रुपए नहीं देने पर युवक को मारे चाकू

उज्जैन। ग्राम सुल्याखेड़ी का रहने वाला लक्ष्मण पिता रामेश्वर गुर्जर 38 साल सिद्धवट मंदिर दर्शन करने पहुंचा था, जहां से लौटते समय उसे मंदिर से कुछ दूरी पर शौचालय के सामने 2 बदमाशों ने रोक लिया और शराब पीने के लिये 500 रुपए मांगने लगे। लक्ष्मण ने देने से इंकार किया तो दोनों बदमाशों ने चाकू से वार कर दिये। घायल होने पर लक्ष्मण ने शोर मचाया। बदमाश मौके से भाग निकले। चाकूबाजी की खबर मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस की डायल 112 सिद्धवट मंदिर पहुंची और घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में घायल के बयान दर्ज बदमाशों के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है।

### कालीसिंध नदीं में डूबी युवती

उज्जैन। झारड़ा थाना क्षेत्र के कालीसिंध नदी में ग्राम पाताखेड़ी की रहने वाली 19 वर्षीय नगीना पिता राधेश्याम डूब गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और गौताखोर मौके पर पहुंचे और कुछ देर की तलाश के बाद युवती का शव बाहर निकाल लिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान और जांच के बाद ही डूबने की सही स्थित स्पष्ट हो पायेगी।

### बेकाबू हुई वाहनों की रफ्तार, दुर्घटना में 4 घायल

उज्जैन। चार पहिया वाहनों की रफ्तार इन दिनों बेकाबू होती दिखाई दे रही है। जिसके चलते दुर्घटना के मामले बढ़ रहे है। तीन थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गये। पुलिस ने 2 कार और लोडिंग आटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये है। पहला मामला माधवनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुरा ब्रिज के नीचे हुआ। लोडिंग आटो चालक विष्णु पिता हिन्दूसिंह चौहान 23 साल निवासी ग्राम सिरोठा शाजापुर हाल मुकाम गोपालपुरा की बाइक को टक्कर मार दी। दूसरा मामला पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम देरखेड़ी मंदिर के पास हुआ। कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू एफ 0703 के चालक ने दिपेश पिता मदनलाल मंडोर 42 साल निवासी ग्राम दत्तोर को टक्कर मारी। तीसरी दुर्घटना बड़नगर थाना क्षेत्र के देपालपुर बड़नगर मार्ग ग्राम गुनावद और बिसलखेड़ी के बीच हुई। कार चालक ने लापरवाही से चलते हुए बाइक सवार दिलीपसिंह पिता लालसिंह राजपूत 33 साल और उसकी हेमकुंवर पति लालसिंह राजपूत 55 साल निवासी सलोनी कानवन को टक्कर मार घायल कर दिया। पिछले कुछ दिनों से दुर्घटना के मामले में कार चालकों की लापरवाही सबसे अधिक होना सामने आ रही है। वहीं दुर्घटना का शिकार होने वाले बाइक सवार है।

2 3 6

#### गूगल पर मिला नम्बर, ऑनलाइन किया 42 हजार का ट्रांजेक्शन

# भस्मारती के नाम पर महिला श्रद्धालु से धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल दर्शन और भस्मारती के नाम पर फिर से श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी के मामले सामने आने लगे है। रविवार को बड़ोदरा गुजरात की महिला श्रद्धालु के साथ हुई 42 हजार की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया है।

महकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि रविवार को गुजरात के बडोदारा स्थित योगेश्वर सोसायटी अपोजिट नवीनो बेटरी मकरपुरा में रहने वाली वीणा धनेरिया पति अमित पंड्या 44 साल ने शिकायत दर्ज कराई कि प्रायवेट जॉब करती हूं, 15 मई को दोस्त अल्पना पटेल के साथ महाकालेश्वर दर्शन के लिये उज्जैन आई थी। भस्मारती बुकिंग के लिये गगूल पर सर्च किया। जहां दीपक मिश्रा का मोबाइल नम्बर



8770064451 मिला। जिस पर संपर्क करने पर दीपक मिश्रा से बात करने पर उसके द्वारा दोनों की भस्मारती बुकिंग के लिये 11 हजार 500 रुपए मांगे और आधार कार्ड की फोटो भेजने की बात कहीं। दीपक मिश्रा को गगूल पे के माध्यम से रूपयों को ट्रांजेक्शन किया गया। रात 9.30 बजे फिर दीपक का कॉल आया और बताया कि 10 हजार रुपए भेजना पड़ेगें। यह प्रोटोकाल में सेव मनी रहेगी। जो बाद में रिफंड हो जायेगा। दीपक के नम्बर पर 10 हजार का ट्रांजेक्शन कर दिया गया। फिर एक घंटे बाद उसका फोन आया और बोला कि आपने जो पेंमेंट मुझे किया है वो आया नही है आप दूसरे नंबर से भेजे। मैंने अपने पति अमित पण्डया से बोलकर उनके यूपीआई मो.न.- 9898076960 से दीपक के मोबाइल पर 10 हजार का ट्रांजेक्शन कराया। दूसरे दिन फिर दीपक ने कॉल किया और प्रोटोकाल के नाम पर 10 हजार 500 रुपए का ट्रांजेक्शन करने को कहा और बताया कि भस्मारती नंदी हॉल से हो जायेगी। रूपयों का ट्रांजेक्शन करने के बाद रविवार सुबह भस्मारती करना थी, लेकिन उससे पहले दीपक कॉल आ गया। उसने कहा कि भस्मारती बुकिंग नहीं हुई है। आपका पेमेंट रिफंड की प्रोसेस कर दी गई है। भस्मारती दर्शन बुकिंग नहीं हो पाने की स्थित में महाकाल मंदिर पहुंचकर जानकारी ली गई तो सामने आया कि दीपक मिश्रा ने 42 हजार की धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी के अनुसार वीणा धनेरिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। दीपक मिश्रा का मोबाइल नम्बर ट्रेस कर पता लगाया जा रहा है कि कहां का रहने वाला है।

### महराष्ट्र के श्रद्धालुओं से लिये थे 5 हजार

13 मई को महाराष्ट्र के तीन श्रद्धालु शार्दुल काम्बले, तन्मय भालेकर और मानव गायकोड 5 हजार रुपए आशुतोष शर्मा को प्रोटोकॉल के नाम पर देने के बाद नंदीहाल से दर्शन करने पहुंचे थे। जहां सुरक्षा गार्डो की पूछताछ में पता चला था कि रुपए देकर आये और भस्मारती की बुकिंग कराने के लिये आशुतोष शर्मा द्वारा कही गई है। मामला मंदिर समिति की संज्ञान में आने पर मंदिर सुपरवाइजर मुकेश बोगना की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने आशुतोष शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया था, जो रविवार शाम तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था। विदित हो कि सालभर पहले ही दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से धोखाधड़ी का बड़ा खुलासा हुआ था और मंदिर से जुड़े कर्मचारियों के साथ आउटसोर्स और बाहरी लोगों सहित 14 को गिरफ्तार किया गया था। बावजूद मंदिर में दर्शन के नाम पर धोखाधड़ी के मामले नहीं थम रहे है।

# रेलवे ट्रैक पर मिली महिला की तीन टुकड़ों में लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नईखेड़ी रेलवे ट्रेक पर रविवार सुबह 3 टुकड़ो में कटी महिला की लाश मिली। महिला क सिर, हाथ और पैर धड़ से अलग थे। कुछ देर में महिला की पहचान हो गई, जो रात में लापता हुई थी। मामला आत्महत्या का सामने आया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की है।



भैरवगढ़ थाना एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि सूचना मिलने पर सुबह नईखेड़ी रेलवे ट्रेक पहुंचे थे। जहां 30 से 35 साल की महिला का शव पड़ा था। सिर, हाथ और पैर अलग थे। महिला की मौत ट्रेन से कटने पर हुई थी। जिसकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। नईखेड़ी में रहने वाले महिला के ननदोई ने शिनाख्त करते हुए बताया कि नीलम पति सोनू भामी 33 साल निवासी झिरन्या है। परिजनों को सूचना दी गई, दोपहर में ससुराल पक्ष के लोग घटनास्थल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम एएसआई सलीम खान द्वारा गया। इस दौरान सामने आया कि नीलम का ससुराल पक्ष खेती किसानी के साथ मजदूरी करता है। पति काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ है। नीलम 2 बच्चों की मां है और रात में घर से कहीं चली गई थी। नीलम का मायका उज्जैन एटलस चौराहा का है। 10 साल पहले उसने प्रेमविवाह किया था। घटना की जानकारी लगने पर मायके पक्ष से लोग अस्पताल पहुंचे थे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्टा मामला आत्महत्या का सामने आ रहा है। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। पति के बाहर होने पर वह अस्पताल नहीं पहुंच पाया था।

#### सार्थक नगर चोरी का खुलासा

# पिता और पुत्र ने तोड़ा था बैंक मैनेजर के मकान का दरवाजा, पत्नी भी बनी आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर के मकान में हुई चोरी की वारदात में पिता-पुत्र शामिल होना सामने आये है। जो मैनेजर के रिश्तेदार ही है। दोनों इंदौर से बाइक पर आये थे और मकान का ताला तोड़कर आभूषण, नगदी सहित 5 लाख का माल चुराकर ले गये थे।



नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि 2 मई को सार्थक नगर में रहने वाले आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर विनय जैन के मकान में चोरी की वारदात होना सामने आया था। जैन परिवार राजस्थान से लौटा तो मकान का दरवाजा टूटा मिला था। घर का सामान बिखरा था और आभूषणों के साथ नगदी गायब थी। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गये थे। जिसमें बाइक सवार 2 संदिग्ध दिखाई दिये थे। जिसमें एक ने चेहरा कपड़े से छुपा रखा था, पीछे बैठ व्यक्ति ने हेलमेट लगाया था। फुटेज के आधार पर दोनों की तलाश शुरू की गई और इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाले हेमंत जैन और आदित्य जैन को हिरासत में लिया गया। जो बैंक मैनेजर के रिश्तेदार होना सामने आये। जिनकी निशानदेही पर 2.80 लाख का सामान बरामद कर विवेचना एसआई वर्षा सोलंकी को सौंपी गई। मामले में एसआई सोलंकी ने बताया कि पूछताछ के दौरान हेमंत जैन की पत्नी को भी आरोपी बनाया है। चोरी की पूरी जानकारी थी। वारदात करने वाले परिवार को पता था कि रिश्तेदार विनय जैन राजस्थान जाने वाले है। मकान सूना रहेगा। इंदौर से पिता-पुत्र बाइक से आये थे और वारदात कर फरार हो गये थे। फिलहाल तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। शेष माल की बरामदगी के प्रयास जारी है।

# सिंहस्थ को लेकर महाकाल मंदिर में उच्च स्तरीय बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर धार्मिक नगरी में प्रतिदिन सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर योजना बनाई जा रही है। रविवार को महाकाल मंदिर में सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर परिसर में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा दोपहर में महाकाल मंदिर पहुंचे थे, उन्होंने महाकाल थाना प्रभारी और स्टॉफ के साथ मंदिर चौकी प्रभारी और मंदिर समिति के साथ सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को



लेकर बैठक आयोजित की। इस दौरान श्रद्धालुओं के आने पर उन्हे मंदिर में कहां से प्रवेश दिया जायेगा और कहां से श्रद्धालुओं को दर्शन के बाद बाहर भेजा जायेगा इस पर चर्चा की। मंदिर में दर्शन व्यवस्था के साथ आसपास भीड प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध को कैसे प्रभावी बनाया जाये, इस पर दिशा निर्देश जारी किये और सभी व्यवस्थाओं को प्लान तैयार करने की बात कहीं। पुलिस अधीक्षक ने मंदिर से जुड़े सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की बात भी कही। विदित हो कि सिंहस्थ महाकुंभ 60 दिनों से अधिक का होगा। लेकिन श्रद्धालुओं का आगमन पहले ही शुरू हो जायेगा और प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक नगरी में पहुंचेगें। इस बार सिंहस्थ को भव्य पैमाने पर पूरा करने की तैयारी प्रशासन और पुलिस द्वारा की जा रही है। जिसको लेकर प्रतिदिन बैठक हो रही है। पिछले दिनों 21 दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान भी चलाया गया था। जिसमें तैयारियों की रूपरेखा तैयार की गई थी। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही तैयारियों का हर दिन अवलोकन भी किया जा रहा है, ताकि कोई कमी या समस्या हो तो उसे पहले ही दूर कर लिया जाये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com